

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 318

ग्वालियर, मंगलवार, 11 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


## खास खबर

### पप्पू यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं संग बिहार में रोकी रेल

**भागलपुर।** बिहार को विशेष राज्य का दर्जा और एमएसपी गारंटी दिलाने की मांग को लेकर सोमवार को जन अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राज्य व्यापी आंदोलन किया। जगह-जगह रेल चक्का जाम कर नारेबाजी की। इस दौरान पटना में सचिवालय हाल्ट पर भागलपुर जा रही ट्रेन को पूर्व सांसद पप्पू यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं संग रोक दिया। नारेबाजी करते हुए पार्टी कार्यकर्ता ट्रेन के इंजन पर चढ़ गए। पुलिस ने उन्हें हटाने की कोशिश की लेकिन कार्यकर्ता अड़ रहे। इस मौके पर पप्पू यादव ने कहा कि बिहार में वार्ड सचिवों की नौकरी खत्म की जा रही है। किसान परेशान हैं। उन्हें खाद की बजाए पुलिस की मार मिल रही है। आर-पार की लड़ाई का ऐलान करते हुए पप्पू यादव ने सरकार और विपक्ष दोनों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लालू यादव ने कहा था कि हमारी लाश पर बिहार बंटेगा लेकिन भाजपा के साथ मिलकर उन्होंने राज्य को बंटवा दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष को न विशेष राज्य चाहिए, न जातीय जनगणना। यह लड़ाई जन अधिकार पार्टी की है। जन अधिकार पार्टी के अध्यक्ष ने कहा कि कोरोना को लेकर भी सरकार की नीति स्पष्ट नहीं है। कहीं चुनाव और रैली में कोरोना गायब हो जाता है। सरकारों ने नाइट कर्फ्यू लगाया है तो क्या दिन में कोरोना गायब हो जाता है। रात में आ जाता है। उन्होंने कोरोना मौत के मानकों को लेकर भी सवाल उठाया। उधर, कार्यकर्ताओं ने दीदारगंज रेलवे हॉल्ट के पास भी कुछ देर के लिए ट्रेन का संचालन रोक दिया। इस दौरान पूर्वा एक्सप्रेस और राजगीर दानापुर पैसेंजर ट्रेन का परिचालन कुछ देर के लिए बाधित हुआ।

### गणतंत्र दिवस से पहले फिर भारत विरोधी ताकतों ने साजिश शुरू की

**नई दिल्ली।** देशभर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा और उससे पहले एक बार फिर भारत विरोधी ताकतों ने साजिश शुरू कर दी है। खालिस्तान समर्थक ग्रुप सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) की ओर से नई धमकी दी गई है जिसमें भारत में तिरंगे झंडे की जगह खालिस्तानी झंडे को लहराने को लेकर 1 मिलियन डॉलर का बजट बनाने का दावा किया गया है। सिख फॉर जस्टिस के चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू ने 26 जनवरी को लेकर इस बात का ऐलान किया है। साथ ही वीडियो समेत सोशल मीडिया पर प्रो खालिस्तानी ग्रुप पोस्टर कैंपेन चला रहा है। दिल्ली के लोगों को 26 जनवरी को घरों में रहने, खालिस्तानी झंडे को फहराने और तिरंगे झंडे को रोकने को लेकर 1 मिलियन डॉलर के बजट का ऐलान किया गया है। आंदोलन के समय जान गंवाने वाले किसानों की दलील देकर यह धमकी दी गई है। गुरपतवंत सिंह पन्नू विदेश में बैठकर आए दिन वीडियो के जरिए धमकी देता रहता है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां इसकी गिरफ्तारी के लिए भी कोशिश कर रही हैं। वह सोशल मीडिया के जरिए भारत के खिलाफ नफरत फैलाने की साजिश भी करता है। पन्नू की ताजा धमकी के बाद तमाम सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं। साथ ही 26 जनवरी की वजह से राजधानी दिल्ली में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### किन्नर सम्मेलन में 12 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद में चच रहे किन्नर सम्मेलन में एक नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अखिलेश नारायण ने सोमवार को बताया कि शिकोहाबाद क्षेत्र में पिछली एक जनवरी से जारी 14 दिवसीय किन्नर सम्मेलन में कानपुर के एक किन्नर के साथ पहुंची 12 साल की एक लड़की से गत शनिवार को एक वाहन चालक द्वारा दुष्कर्म किए जाने की शिकायत मिली है। उन्होंने बताया कि इस मामले में आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। लड़की को अदालत में पेश करने की कार्यवाही की जा रही है। उत्तर प्रदेश किन्नर कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष सोनम किन्नर रविवार को शिकोहाबाद पहुंची और घटना की जानकारी ली। उसके बाद उन्होंने अधिकारियों से बात कर मामले में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

### मुंबई- घाटकोपर में गैस रिसाव, एक की जान गई, दो अन्य घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के घाटकोपर इलाके में सोमवार की सुबह गैस के रिसाव से एक व्यक्ति की जान चली गई और दो अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया। नगरपालिका के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना नारायण नगर के कुर्ला इंडस्ट्रियल एस्टेट में सुबह करीब 8.15 बजे हुई जब वहां मेथनॉल और सायन्यूरिक क्लोराइड का रिसाव हो गया। अधिकारी ने बताया कि तीन लोगों को पास के राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया।

---

संक्रमण रोकने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया जारी

## कोरोना कहर की चपेट में आई दिल्ली पुलिस एडिशनल कमिश्नर समेत 1000 कर्मी हुए संक्रमित



**नई दिल्ली।** कोरोना की तीसरी लहर की आहट के बीच अब राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना संक्रमण के मामलों में तेज वृद्धि होने लगी है। ऐसे में दिल्ली पुलिस के 1000 से अधिक कर्मी संक्रमित पाए गए हैं। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि रविवार की शाम को कोरोना की रिपोर्ट सामने आई, जिसमें 1000 पुलिसकर्मी पॉजिटिव पाए गए। जिसके बाद से सभी पुलिसकर्मी क्वारंटीन में है।

समाचार के मुताबिक, जनसंपर्क अधिकारी और एडिशनल कमिश्नर चिन्मय बिस्वाल सहित दिल्ली पुलिस के लगभग 1000 कर्मी कोविड-19 पॉजिटिव आए हैं। सभी पॉजिटिव पुलिस कर्मी क्वारंटीन में हैं। कुछ वक्त पहले दिल्ली पुलिस कमिश्नर राकेश अस्थाना ने पुलिसकर्मियों के बीच कोरोना संक्रमण के प्रसार को फैलने से रोकने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान चेहरे पर मास्क लगाना, शारीरिक दूरी का पालन करना और उचित तरीके से हाथों को धोना/सैनेटाइज करना समेत इत्यादि निर्देश दिए गए। एसओपी में कहा गया कि जिन कर्मियों ने चिकित्सा वजहों से कोरोना वैक्सीन नहीं लगवाई है, वे सभी वैक्सीनेशन के लिए फिर से डॉक्टरों की राय ले सकते हैं। आपको बता दें कि दिल्ली पुलिस में 80,000 से ज्यादा कर्मी हैं। दिल्ली में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के चलते 17 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा रविवार को संक्रमण के 22,751 नए मामले सामने आए। जबकि संक्रमण दर 23.53 प्रतिशत रही।

### क्रिसमस में ढिलाई के चलते बंगाल में कोरोना विस्फोट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में दिसंबर के अंतिम सप्ताह में हर दिन औसतन लगभग 500 ताजा मामले सामने आ रहे थे, जो कि अब 24,000 को पार कर गई है। मार्च 2020 में राज्य में पहले कोरोना वायरस मामले का पता चलने के बाद से राज्य में अब तक दर्ज किए गए कोविड -19 मामलों की यह सबसे अधिक संख्या है। विशेषज्ञों ने दावा किया है कि वर्तमान उछाल का ट्रिगर बिंदु कोलकाता में पार्क स्ट्रीट पर क्रिसमस की सभा थी। कहा जा रहा है कि इसने ही शायद सुपर-स्प्रेडर के रूप में काम किया हो। राज्य सरकार ने कहा कि लोगों के जीवन और आजीविका को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंध लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, फ़केवल हम ही खुद को बचा सकते हैं। सरकार जुर्माना नहीं लगा सकती और न ही किसी को मास्क पहनने के लिए बाध्य कर सकती है। लोगों को खुद करना होगा। मैं सभी से हाथ जोड़कर अनुरोध करूंगी कि वायरस के प्रसार को रोकने के लिए मास्क पहनें और अपने हाथों को साफ करें। वहीं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना ??है कि अभी सबसे बुरा समय आना बाकी है।

## मोदी अब बन जाएं राष्ट्रपति और योगी प्रधानमंत्री : राकेश टिकैत



**नई दिल्ली।** कृषि कानूनों के खिलाफ एक साल से अधिक समय तक चले किसान आंदोलन का सबसे बड़ा चेहरा रहे भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत की यूपी चुनाव में किस तरह की भूमिका होगी? बीजेपी का विरोध करते हुए क्या वह किसी खास पार्टी को समर्थन देंगे? यूपी चुनाव को लेकर यह बड़ा सवाल बना हुआ है। हालांकि, राकेश टिकैत साफ शब्दों में कुछ भी बोलते हुए बच रहे हैं। लेकिन एक टीवी इंटरव्यू में उन्होंने कहा है कि जनता बीजेपी को वोट नहीं देने जा रही है। उन्होंने इस दौरान तंज कसते हुए यह भी कहा कि मोदी जी अब राष्ट्रपति बनेंगे और योगी को प्रधानमंत्री बन जाना चाहिए। राकेश टिकैत ने पंचायत चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि बीजेपी जनता के वोट से नहीं जीतने जा रही है, लेकिन यह गड़बड़ी की कोशिश जरूर करेगी। दूसरे दलों के प्रत्याशियों को सचेत करते हुए टिकैत ने कहा, इनको (बीजेपी) को कोई वोट नहीं दे रहा है। ये लोग बेईमानी करेंगे। हमने कहा है कि जो लोग चुनाव लड़ रहे हैं वे सचेत रहना, 3-3 वकील तैयार रखना। जब फॉर्म भरे जाएंगे तो यह गड़बड़ करेंगे, पर्चे कैंसल करेंगे। यह हेराभेरी से जीतने की कोशिश करेंगे। जनता की वोट से तो ये जीतेंगे नहीं। जब फॉर्म भरा जाता है, उसमें थोड़ा सा नाम गलत भर दो..., हमने कहा तीन-तीन वकील कर लेना, कौन किसका पर्चा भरता है, यह भी इन्हें पता है, प्रस्तावक रास्ते से गायब हो जाता है। राकेश टिकैत ने गन्ने की कीमत में वृद्धि को लेकर योगी सरकार को तीसरे नंबर पर बताते हुए कहा कि पहले नंबर पर मायावती रहीं, दूसरे पर अखिलेश हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या योगी दोबारा सीएम बनेंगे? टिकैत ने कहा, अरे प्रधानमंत्री बन जाने दो।

## चुनाव तिथि घोषणा के बाद राहुल गांधी का ट्वीट, कहा- 'नफ़रत को हराने का सही मौक़ा है



**नई दिल्ली।** देश पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव तिथियों की घोषणा के बाद सियासी हलचलें तेज हो गई हैं। उत्तर प्रदेश, गोवा, उत्तराखंड और मणिपुर में भाजपा के सामने अपनी सरकार को बचाने की चुनौती है तो वहीं कांग्रेस से पंजाब का किला भी बचाने की कोशिश में जुटी हुई है। उत्तर प्रदेश में 7 चरणों में विधानसभा में चुनाव होंगे जबकि मणिपुर में दो चरण में चुनाव कराए जाएंगे। पंजाब, उत्तराखंड और गोवा में एक ही चरण में चुनाव होंगे। इन चुनावों को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी अपनी तैयारियों को शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश में भाजपा और समाजवादी पार्टी के बीच से कड़ी चुनौती है जबकि पंजाब में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी आमने-सामने है।


इन सबके बीच राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में नफरत को हराने का सही मौका है। उन्होंने 'इलेक्शन 2022' हैशटैग के साथ ट्वीट किया, 'नफ़रत को हराने का सही मौक़ा है।' उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग ने गत शनिवार को पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रमों की घोषणा की। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के तहत 10 फरवरी से लेकर सात मार्च तक सात चरणों में मतदान होगा, वहीं उत्तराखंड, पंजाब और गोवा में एक ही चरण में 14 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। मणिपुर में दो चरणों में 27 फरवरी और तीन मार्च को मतदान होगा। इन पांचों राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना 10 मार्च को होगी। इससे पहले कांग्रेस ने यह कहा कि चुनाव आयोग को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव लिए सभी के लिए समान अवसर की स्थिति सुनिश्चित करना चाहिए तथा आने वाले दिनों में नुक्कड़ सभाओं की अनुमति प्रदान करनी चाहिए। चुनावों की तिथियों की घोषणा के बाद कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाद्रा ने ट्वीट किया कि 10 मार्च को उप्र के नौजवानों, किसानों, महिलाओं, श्रमिकों, व्यापारियों एवं आमजनों की जीत का मार्च होगा।


## पंजाब में पिछले 30 सालों में सरकार को आउटसोर्स किया गया : सिद्धू



**नई दिल्ली।** पंजाब कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू ने रविवार को राज्य की पिछली सभी सरकारों की आलोचना की, जिसमें कांग्रेस सरकारें भी शामिल हैं। उन्होंने कहा पिछले 30 वर्षों में राज्य में सरकार को आउटसोर्स किया गया है। उन्होंने अपने ट्वीट में कहा लोगों द्वारा संचालित एजेंडे के बिना एक राजनीतिक कथा खोखलापन है, एक रणनीति मोड़ है।

इस चुनाव के मूल में पंजाब के लोगों को वापस लाना है। पिछले 30 वर्षों में सरकार के दिल और दिमाग को कुछ कमरों और शक्तिशाली हाथों में केन्द्रित किया गया है। उन्होंने पिछले सभी मुख्यमंत्रियों पर हमला किया, जिनमें कांग्रेस के लोग भी शामिल हैं, जिनमें अमरिंदर सिंह के अलावा बेअंत सिंह, हरचरण सिंह बराड़ और राजिंदर कौर भट्ठल शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में कांग्रेस छोड़ दी है। उल्लेखनीय है कि पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष सिद्धू अक्सर अपने ही मुख्यमंत्रियों पर निशाना साधते रहे हैं और अपनी चुनावी सभाओं के दौरान घोषणाओं की होड़ में रहते हैं। उन्होंने पिछले हफ्ते पंजाब शहरी रोजगार गारंटी मिशन के तहत सभी नौकरियों में 33 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षित होने का वादा करते हुए महिलाओं के लिए कई प्रोत्साहनों की घोषणा की थी। इसके अलावा खेतों में मजदूर के रूप में काम करने वाली सभी महिलाओं को मनरेगा के तहत मजदूरी देने का भी वायदा किया था। उन्होंने कहा था कि पंजाब के हर गांव और शहर में महिला सुरक्षा के लिए विशेष महिला कमांडो बटालियन तैयार की जाएगी।

## वन-टू-वन

### मैं पूरी तरह से फिट हूं : विराट



**केपटाउन।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने कहा कि वह पूरी तरह से फिट हैं और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में खेलने के लिए तैयार हैं। विराट ने हालांकि कहा कि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज अपनी चोट से अभी नहीं उबरे हैं, इसलिए वह इस मैच में नहीं खेलेंगे। कोहली पीठ के ऊपरी हिस्से में जकड़न के कारण दूसरे टेस्ट में भाग नहीं ले पाये थे। उन्होंने रविवार को बाकी टीम के साथ अभ्यास भी किया था। कोहली ने मैच से पूर्व कहा, 'मैं बिलकुल फिट हूं।% साथ ही कहा कि तेज गेंदबाज सिराज अभी फिट नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि सिराज की पैर की मांसपेशियों में चोट है। भारतीय टीम मंगलवार से यहां शुरू हो रहे तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच को जीतकर दक्षिण अफ्रीका में पहली बार टेस्ट सीरीज जीतने के प्रयास करेगी। भारत ने दक्षिण अफ्रीका दौरे की अच्छी शुरुआत करते हुए सेंचुरियन में पहले टेस्ट में मेजबान दक्षिण अफ्रीका को हराया था पर जोहांसबर्ग में हुए दूसरे टेस्ट में उसे मेजबान टीम के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। इससे यह सीरीज अभी 1-1 से बराबर पर है।

### न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज बने दिसंबर के आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

**दुबई।** न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का प्लेयर ऑफ द मंथ (महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) का अवार्ड मिला है। कीवी स्पिनर एजाज को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ रिकॉर्ड 10 विकेट लेने के कारण ही दिसंबर महीने के लिए यह आईसीसी पुरस्कार मिला है। एजाज के साथ ही भारत के सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल और ऑस्ट्रेलिया मुम्बई टेस्ट की पहली पारी में सभी दस विकेट अपने नाम किये थे। इसके बाद दूसरी पारी में उन्होंने चार विकेट लिए थे। इस प्रकार मैच में कुल 14 विकेट इस गेंदबाज ने अपने नाम किये थे। वह इंग्लैंड के जिम लेकर और भारत के अनिल कुंबले के बाद एक पारी में सभी दस विकेट लेने वाले टेस्ट इतिहास के तीसरे खिलाड़ी हैं। एजाज ने टेस्ट मैच के समापन पर कहा, व्यक्तिगत रूप से मुझे लगता है कि यह मेरे जीवन के सबसे महान क्रिकेट दिनों में से एक था और शायद यह हमेशा रहेगा। वहीं दिसंबर के लिए आईसीसी वोटिंग अकादमी के सदस्य जेपी डुमिनी ने इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा, क्या ऐतिहासिक उपलब्धि है। एक पारी में सभी 10 विकेट लेना अहम बात है जिसे सराहा जाना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि एजाज का प्रदर्शन एक मील का पत्थर है जिसे आने वाले वर्षों के लिए याद किया जाएगा।

### फॉक्सकॉन तमिलनाडु संयंत्र फिर शुरू करेगी

**नई दिल्ली।** एप्पल के लिए आपूर्ति करने वाली कंपनी फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप ने कहा कि उसने तमिलनाडु संयंत्र में कई सुधारात्मक उपाए किए हैं और कर्मचारियों को धीरे-धीरे श्रीपेरंबुदूर कारखाने में वापस लाया जाएगा। फॉक्सकॉन के श्रीपेरुंबुदूर कारखाने के कर्मचारी निवास स्थल में बीते दिनों बड़े पैमाने पर विषाक्त भोजन दिए जाने की घटना के बाद कंपनी को कर्मचारियों के तीखे विरोध प्रदर्शन का समाना करना पड़ा था और फिलहाल 18 दिसंबर से वहां काम बंद है। होन हाई टेक्नोलॉजी ग्रुप (फॉक्सकॉन) ने कहा ?कि हम श्रीपेरंबुदूर में कर्मचारी निवास की सुविधाओं में पाए गए मसलों को ठीक करने और अपने कर्मचारियों को दी जाने वाली सेवाओं को बढ़ाने के लिए कई तरह के सुधारों पर काम कर रहे हैं। हमने यह सुनिश्चित करने के लिए कई सुधारात्मक उपाए किए हैं, ताकि ऐसा दोबारा न हो और अब कर्मचारी अपना नाम गोपनीय रखकर अपनी किसी भी चिंता को बता सकते हैं। कर्मचारी निवास स्थल तैयार होने और उसे मंजूरी मिलने के बाद वह क्रमिक रूप से टीम के सदस्यों का स्वागत करना शुरू कर देगी। जानकारी के अनुसार कर्मचारी निवास स्थल को सरकार और एप्पल की अनुमति मिलने के बाद कारखाने में क्रमिक रूप से काम शुरू कर दिया जाएगा। एप्पल के एक प्रवक्ता ने कहा कि श्रीपेरंबुदूर संयंत्र अभी भी निगरानी में है। पिछले कई हफ्तों से स्वतंत्र लेखा परीक्षक और एप्पल की टीम फॉक्सकॉन के साथ काम कर रही हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि श्रीपेरंबदूर में कर्मचारी निवास तथा खानपान की सुविधा में व्यापक सुधारात्मक उपाए लागू किए जा सकें। हालांकि कंपनियों ने परिचालन फिर से शुरू करने के लिए अपेक्षित समयसीमा पर कोई टिप्पणी नहीं की।

### जीएसटीआर-3बी फॉर्म में जल्द ब्याज गणना की सुविधा देगा

**मुंबई।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) करदाताओं की मदद के लिए मासिक कर भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी फॉर्म में जल्द ब्याज गणना की सुविधा देगा।इससे करदाता विलंबित कर भुगतान के लिए ब्याज की गणना कर सकते। अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था के लिए प्रौद्योगिकी नेटवर्क उपलब्ध कराने वाली जीएसटीएन ने परामर्श में कहा कि इस नई सुविधा के माध्यम से जीएसटीआर-3बी में करदाताओं द्वारा विशेष कर अवधि के लिए घोषित राशि के आधार पर न्यूनतम ब्याज की गणना होगी। इसमें कहा गया, करदाताओं को अपने स्तर पर आकलन की सुविधा देने के लिए जीएसटीआर-बी में ब्याज गणक (कैलकुलेटर) की नई व्यवस्था दी जा रही है। इसके माध्यम से करदाता रिटर्न भरने में विलंब होने पर लगने वाले ब्याज की गणना कर पाएंगे।माल एवं सेवा कर (जीएसटी) कानून के मुताबिक, कर समय पर अदा करने में विफल रहने पर 18 प्रतिशत ब्याज लगता है।

# दक्षिण अफ्रीका में पहली बार टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**केपटाउन।** भारतीय क्रिकेट टीम मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के तीसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत के इरादे से मैदान में उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य इस तीसरे मैच को जीतकर दक्षिण अफ्रीका में पहली बार टेस्ट सीरीज जीतना रहेगा। अभी तक दोनो ही टीम 1-1 से इस सीरीज में बराबरी पर हैं। पहले टेस्ट में जहां भारतीय टीम जीती थी , वहीं दूसरे टेस्ट में मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने जीत दर्ज कर सीरीज बराबरी पर ला दी थी। इस मैच में जीत के लिए दोनो ही टीम पूरी ताकत से उतरेंगी। भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली की मैच में वापसी की उम्मीदें हैं। विराट पीठ दर्द के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर थे। जिस प्रकार से विराट ने रविवार को हुए अभ्यास सत्र में भाग लिया उससे उनका खेलना तय माना जा रहा है।

भारतीय टीम के युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज चोट के कारण बाहर हैं, ऐसे में उनकी जगह पर अनुभवी उमेश यादव या इशांत शर्मा में से किसी एक को खेलने का अवसर मिलेगा। विराट अपने 99वां टेस्ट में



बेहतर प्रदर्शन कर आलोचकों को करारा जवाब देना चाहेंगे। अपने प्रदर्शन को लेकर वह पिछले कुछ समय से प्रशंसकों के निशाने पर रहे हैं। विराट पिछले दो साल से शतक नहीं लगा पाये हैं। वह कमी भी वह यहां पूरी करना चाहेंगे। जिस प्रकार मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट में खेला है उसको देखते हुए भारतीय टीम के लिए यह मैच आसान नहीं रहेगा। इसमें जीत के लिए भारतीय बल्लेबाजों के साथ ही गेंदबाजों को भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

कोहली के अलावा चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे को भी इस मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पुजारा और रहाणे का प्रदर्शन लगातार खराब रहा है और उन्हें अपने को साबित करने एक और अवसर मिला है।

विराट की वापसी से युवा बल्लेबाज हनुमा बिहार को बाहर बैठना पड़ेगा। जोहानिसबर्ग में दो संघर्षपूर्ण पारियों, विशेषकर दूसरी पारी में नाबाद 40 रन बनाने के बाद हनुमा के लिए यह निराशा की बात होगी। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को भी इस मैच में रन बनाने होंगे। इस सीरीज में अबतक वह विफल रहे हैं। इस बल्लेबाज ने हाल के महीनों में तेज गेंदबाजों के खिलाफ आगे बढ़कर खेलते हुए आक्रामकता दिखाई है पर इसका उन्हें अधिक फायदा नहीं मिला है। न्यूलैंड्स की असमान उछाल वाली घास की पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को तेज गेंदबाजों कागिसो रबाडा, डुआने ओलिवियर, लुंगी एनगिडी और मार्को जेनसन से सतर्क रहना होगा। आंकड़ों पर गौर करें तो भारत ने केपटाउट में कभी टेस्ट मैच नहीं जीता है, इसलिए उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों को यहां और बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पुजारा और रहाणे को दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में अर्धशतक लगाने के बाद अंतिम एकादश में बरकरार रखा जा सकता है पर अगर वे रन नहीं बनाते तो उनका करियर संकट में आ जाएगा।

इसी तरह युवा लोकेश राहुल और मयंक अग्रवाल को भी दक्षिण अफ्रीका के तूफानी गेंदबाजों के खिलाफ टीम को अच्छी शुरुआत दिलानी होगी। तेज गेंदबाज इशांत भी अपने करियर के अंतिम चरण में हैं और सिराज के पैर की मांसपेशियों में चोट से उन्हें मौका मिल सकता है हालांकि पिछले छह महीने में वह खराब फॉर्म और चोट से जूझते रहे हैं। इशांत छह फीट से अधिक की लंबाई के साथ लगातार मेडन फेंकने की क्षमता के कारण उन्हें उमेश यादव पर वरीयता मिलेगी। टीम को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। अब तक वह इस सीरीज में पहले की तरह प्रभावी नहीं रहे हैं।

### दोनो टीमें इस प्रकार हैं

भारत - विराट कोहली (कप्तान), लोकेश राहुल, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, रविचंद्रन अश्विन, शारदुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, अजिंक्य रहाणे, रिद्धिमान साहा, जयंत यादव, प्रियांक पांचाल, उमेश यादव, हनुमा विहारी और इशांत शर्मा।

## जोकोविच को मिली राहत, ऑस्ट्रेलियाई अदालत ने वीजा बहला किया

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की एक अदालत ने विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच को बड़ी राहत देते हुए उनका वीजा बहाल कर दिया है। अदालत के इस फैससे से ऑस्ट्रेलियाई सरकार को करारा झटका लगा है। सरकार ने कोरोना टीकाकरण नहीं कराने के कारण जोकोविच को ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लेने से रोकने के साथ ही उनका वीजा भी रद्द कर दिया था। अदालत ने सरकार को आदेश दिया कि वह तत्काल जोकोविच को मेलबर्न के पृथकवास होटल से बाहर निकाले और उनका पासपोर्ट भी उन्हें वापस कर दे।




इससे पहले जोकोविच ने अपने निर्वासन और वीजा रद्द किए जाने को ऑस्ट्रेलिया के फेडरल सर्किट और फैमिली कोर्ट में चुनौती दी थी। वहीं ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने बुधवार को मेलबर्न पहुंचते ही उनका वीजा रद्द कर दिया था। सरकार का कहना था कि कोरोना टीकाकरण नियमों में मेडिकल छूट पाने के उनके पास तय कारण नहीं थे। इस मामले में जोकोविच की याचिका पर सोमवार को मेलबर्न की अदालत में वर्चुअल सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार का फैसला पलट दिया। सुनवाई में जोकोविच के वकीलों ने तर्क दिया कि पिछले महीने ही वह कोरोना संक्रमण से पीड़ित हुए थे। ऐसे में अभी चिकित्सा कारणों से उन्हें टीका नहीं लगाया जा सकता। ऐसे में उन्हें कड़े टीकाकरण नियमों से मेडिकल छूट मिलनी चाहिए। कोर्ट के फैसले के बाद अब जोकोविच के ऑस्ट्रेलियन ओपन में भाग लेने का रास्ता साफ हो गया है।

वहीं ऑस्ट्रेलियाई सरकार का अड़ियल रुख अब भी बना हुआ है। वह जोकोविच को देश से बाहर भेजने पर अड़ी हुई है। सरकारी वकील क्रिस्टोफर ट्रान ने जज को बताया कि आव्रजन, नागरिकता, आप्रववास सेवा और बहुसांस्कृतिक विभाग के मंत्री एलेक्स हॉके तय करेंगे कि वीजा रद्द करने के लिए उन्हें निजी अधिकार का इस्तेमाल करना है या नहीं। इससे साफ है कि जोकोविच को फिर निर्वासन झेलना पड़ सकता है और वह 17 जनवरी से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हो सकते हैं। जोकोविच ने कहा कि उन्हें टीकाकरण का सबूत देने की जरूरत नहीं है क्योंकि उनके पास सबूत है कि वह पिछले महीने कोरोना संक्रमण का शिकार हुए थे। अदालत में पेश जोकोविच के दस्तावेजों में कहा गया है कि उन्होंने टीका नहीं लगवाया है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के चिकित्सा विभाग ने छह महीने के भीतर कोरोना संक्रमण के शिकार लोगों को टीकाकरण मे अस्थायी छूट दी है। सर्किट कोर्ट के जज केली ने पाया कि जोकोविच ने मेलबर्न हवाई अड्डे पर अधिकारियों को टेनिस ऑस्ट्रेलिया द्वारा उन्हें दी गई मेडिकल छूट के दस्तावेज भी सौंपे थे। जज ने जोकोविच के वकील निक वुड से पूछा, सवाल यह है कि वह और क्या कर सकते थे। जोकोविच के वकील ने स्वीकार किया कि वह और कुछ नहीं कर सकते थे।

## न्यूजीलैंड को मिली 395 रनों की बढ़त बांग्लादेश पर पारी की हार का खतरा मंडराया

**क्राइस्टचर्च।** टॉम लाथम के दोहरे शतक 252 रन और डेवोन कॉन्वे के शतक 109 रनों की सहायता से न्यूजीलैंड ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में मेहमान टीम बांग्लादेश पर अपना शिकंजा कस दिया है। इन दोनो की इन पारियों की सहायता से न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन अपनी पहली पारी छह विकेट पर 521 रन बनाकर घोषित कर दी। इसके बाद टेंट बोल्ट की घातक गेंदबाजी से कीवी टीम ने बांग्लादेश को पहली पारी में 126 रनों पर ही समेट दिया। बोल्ट ने 43 रन देकर पांच विकेट लिए। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर मेजबान न्यूजीलैंड को 395 रनों की बढ़त मिल गयी है।

बोल्ट के सामने बांग्लादेश के बल्लेबाज टिक नहीं पाये। केवल दो बल्लेबाज ही दोहरे अंकों तक पहुंच पाये। बांग्लादेश के चार बल्लेबाज 11 रन पर पेवेलियन लौट गये थे। केवल यासिर अली अर्धशतक लगा पाये। वह दूसरे दिन का खेल समाप्त होने से ठीक पहले 55 रन पर आउट हुए। लाथम ने दोहरा शतक जमाने के साथ दूसरी स्लिप में दो कैच भी पकड़े। उन्होंने 552 मिनट क्रीज पर रहकर 305 गेंद में 252 रन की पारी खेली और कॉन्वे के साथ दूसरे विकेट के लिये 215 रन बनाये। कोंवे ने पहले दिन 99 रन बनाये थे। उन्होंने दूसरे दिन इबादत हुसैन की पहली ही गेंद पर एक रन लेकर अपना तीसरा शतक पूरा किया।

कॉन्वेवह 109 के स्कोर पर रन आउट हुए। उनके बाद अनुभवी रोस टेलर क्रीज अपने करियर का अंतिम टेस्ट खेलने आये। रोस ने मैदान पर उतरने के साथ ही न्यूजीलैंड के लिये रिकॉर्ड 112 टेस्ट खेलने के डेनियन विटोरी के रिकॉर्ड की भी बराबरी की है। रोस 28 रन बनाकर आउट हुए और दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए उतरी मेहमान बांग्लादेश टीम ने कीवी गेंदबाजों के सामने घुटने टेक दिये।

## सोना और चांदी मे गिरावट

**मुंबई।** सोना और चांदी की कीमत में सोमवार को गिरावट देखने को मिल रही है। जहां सोना आज 60 रुपए प्रर्ता दस ग्राम तक सस्ता हुआ है। वहीं चांदी की कीमत में 150 रुपए प्रर्ता किलोग्राम की गिरावट देखने को मिल रही है। 17 महीनों में सोने की कीमत 8800 रुपए प्रर्ता दस ग्राम गिर चुकी है। जबकि चांदी की कीमत 19 हजार रुपए की गिरावट आ चुकी है। विदेशी बाजारों में सोने की कीमत में गिरावट देखने को मिल चुकी है। सोना 6 डॉलर प्रर्ता ओंस से ज्यादा और चांदी की कीमत 0.53 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार कर रही है। घरेलू वायदा बाजार में सोना सुबह 90 रुपए प्रर्ता दस ग्राम की गिरावट के साथ 47362 रुपए प्रर्ता दस ग्राम पर कारोबार कर रहा था। शुक्रवार को सोना 47452 रुपए प्रर्ता दस ग्राम के साथ बंद हुआ था।



वहीं मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर चांदी की कीमत सुबह 250 रुपए प्रर्ता किलोग्राम की गिरावट के साथ 60358 रुपए प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी। शुक्रवार को चांदी की कीमत 60607 रुपए प्रतर्मा किलोग्राम के साथ बंद हुई थी। वहीं विदेशी बाजारों में सोना और चांदी में गिरावट का माहौल बना हुआ है। कॉमेक्स बाजार में सोना 6 डॉलर प्रर्ता ओंस की गिरावट के साथ 1791.30 डॉलर प्रर्ता ओंस पर कारोबार कर रहा है। जबकि गोल्ड स्पॉट 4.26 डॉलर प्रर्ता ओंस की गिरावट के साथ 1792.29 डॉलर प्रर्ता ओंस पर कारोबार कर रही है। वहीं चांदी 0.66 फीसदी की गिरावट के साथ 22.26 डॉलर प्रर्ता ओंस पर कारोबार कर रही है।

## नए साल में एसी और फ्रिज की कीमत बढ़ी

**मुंबइ।** कच्चे माल और ढुलाई भाड़े में बढ़ोतरी के कारण टिकाऊ उपभोक्ता सामान कंपनियों ने नए साल में एयर कंडीशनर और रेफ्रिजरेटर की कीमतें बढ़ा दी हैं। वॉशिंग मशीन भी मार्च 2022 तक 5-10 फीसदी तक महंगा हो सकता है। पैनासोनिक, एलजी और हायर सहित कई कंपनियां पहले ही कीमतों में बढ़ोतरी कर चुकी हैं। सोनी, हिताची, गोदरेज अप्लायंसेज इस तिमाही के अंत तक कीमतें बढ़ा सकती हैं। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड अप्लायंसेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सिएमा) के मुताबिक उद्योग जनवरी-मार्च 2022 तक कीमतों में 5-7 फीसदी की बढ़ोतरी करेगा। एसोसिएशन का कहना है कि त्योहारी सीजन की वजह से उद्योग ने मूल्यवृद्धि को टाल दिया था। अब विनिर्माताओं के पास कीमत वृद्धि का बोझ ग्राहकों पर डालने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। पैनासोनिक पहले ही अपने एसी की कीमतों में 8 फीसदी तक वृद्धि कर चुकी है। हायर अप्लायंसेज इंडिया ने कहा कि कमोडिटी की बढ़ती कीमतों, वैश्विक ढुलाई भाड़े और कच्चे माल की लागत में भारी वृद्धि के बाद



हमने रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन व एसी श्रेणियों में अपने उत्पादों की कीमतों में 3 से 5 फीसदी तक बढ़ोतरी के लिए कदम उठाए हैं। पैनासोनिक इंडिया के डिविजनल एक अधिकारी ने कहा कि कमोडिटी के दाम बढ़ने व आपूर्ति संबंधी दिक्कतों की वजह से एसी कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। दक्षिण कोरिया की उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी एलजी ने घरेलू उपकरणों की श्रेणी में कीमतों में वृद्धि की है। कंपनी ने कहा कि कच्चे माल और लॉजिस्टिक्स की लागत में बढ़ोतरी चिंता का विषय है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के अधिकारी कहते हैं कि हमने नवेन्मेषी उपायों के जरिए लागत का बोझ खुद उठाने का भरपूर प्रयास किया। अब कारोबार को टिकाऊ बनाए रखने के लिए कीमतों में वृद्धि करना जरूरी है।

## शेयर बाजार तेजी के साथ बंद, निफ्टी फिर 18000 के पार पहुंचा



**मुम्बई।** मुम्बई शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में यह उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही पीएसयू बैंक, आईटी, ऑटो, कैपिटल गुड्स, पावर, बैंक और रियल्टी कंपियों के शेयरों के ऊपर आने से आया है। इससे निफ्टी एक बार फिर 18000 के ऊपर पहुंच गया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित मुम्बई शेयर बाजार (बीएसई) सेसेंक्स 650.98 अंक करीब 1.09 फीसदी की बढ़त के साथ ही 60,395.63 के स्तर पर बंद हुआ है। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई (निफ्टी) 190.60 अंक तकरीन 1.07 फीसदी की बढ़त के साथ 18,003.30 के स्तर पर बंद हुआ। करोबार के दौरान दिग्गज शेयरों के साथ ही छोटे ओर मध्यम शेयरों में उछाल आया है। बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.69 फीसदी की बढ़त के साथ ही 25,649.52 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं स्मॉलकैप इंडेक्स 1.19 फीसदी की तेजी के साथ 30,388.89 के स्तर पर बंद हुआ है। कारोबार में निफ्टी के 50 में से 35 शेयरों में तेजी देखने को मिली जबकि सेंसेक्स के 30 में से 17 शेयरों में तेजी हावी रही। बैंक निफ्टी के सभी 12 शेयरों में तेजी दर्ज की गयी है। निफ्टी 18 नवंबर के बाद के ऊपरी स्तर पर कारोबार करता दिख रहा है। कारोबार के अंत में सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। पीएसयू बैंक, आईटी, ऑटो, कैपिटल गुड्स, पावर, बैंक, रियल्टी इंडेक्स सभी में 1 से 3 फीसदी बढ़त देखने में आयी। इसके अलावा यूपीएल, हीरो मोटोकॉप , टाइटन , टाटा मोटर्स और मारुति सूजूकी के शेयरों को लाभ हुआ है। वहीं विप्रो , नेस्ले , डेविस लेब और एशियन पेंटस के शेयरों को नुकसान हुआ।

### इंडिगो एयरलाइंस 20 फीसदी उड़ानें रद्द करेगी

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइंस ने कोरोना के बढ़ते मामलों के मद्देनजर करीब 20 प्रतिशत उड़ानें रद्द करने का फैसला किया है। एयरलाइन ने इसके साथ ही यात्रियों की जरूरतों को देखते हुए 31 मार्च तक बदलाव शुल्क समाप्त करने की घोषणा की है। बदलाव शुल्क यात्रियों को यात्रा की तारीख बदलने पर देना होता है। इंडिगो ने कहा कि संक्रमण के बढ़ते मामलों की वजह से एयरलाइन के यात्री बड़ी संख्या में अपने यात्रा कार्यक्रम में बदलाव कर रहे हैं।




# पत्नी को प्रताडित करने वाले आरोपी पति को एक वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड



**मुरैना।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सबलगढ, जिला मुरैना के न्यायालय में आरोपी राधेश्याम गुप्ता पुत्र द्वारिका प्रसाद गुप्ता, उम्र-40 वर्ष, को धारा 498(क) भा.द.स. में दोषी पाते हुये एक वर्ष का सश्रम कारावास व 1000/- रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। अभियोजन अधिकारी/सहायक मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि फरियादिया ने थाना सबलगढ में उपस्थित होकर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि फरियादिया की शादी वीरपुर में रहने वाले राधेश्याम गुप्ता के साथ सन् 1994 में हुई थी। शादी के बाद उसका उसके पति से झगडा होने लगा, झगडा होने की वजह से वह तथा उसका पति सबलगढ में रहने आ गये। उसका पति उसे बार-बार प्रताडित करता रहा तथा मारपीट करता था और उसे घर से निकाल देता था। इस संबंध में उसने अपने पिता एवं भाईयों को बताया तो उसके पिता ने अपने पति के साथ रहने को कहा। 25 जनवरी 2007 को उसके पति ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया और एक नोटिस वकील के माध्यम से भिजवाया कि वह जानबूझकर पति के साथ नहीं रह रही है। तब उसके पिता उसे ससुराल ले गये तो उसके ससुर व पति ने उसे अच्छी तरह से रखने का आश्वासन दिया, जिसके बाद वह अपने पति के साथ रहने लगी। कुछ दिनों बाद उसे पता लगा कि उसके पति कैलादेवी जाने के बहाने सरमथुरा एवं बाडी जाते थे। उसके पूछने पर उसकी मारपीट करते थे। 15 मई 2007 को उसका पति एक महिला को लेकर आया उसके साथ दो बच्चे थे। फरियादिया के पूछने पर कि वह औरत कौन है तब उसके पति ने कहा कि वह उसकी पत्नी है, वह उसी के साथ रहेगी। उसके बाद पति ने फरियादिया की मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। फरियादिया की उक्त रिपोर्ट पर से थाना सबलगढ में आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर आरोपी को दण्डित किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रेम प्रकाश दुनारिया सबलगढ द्वारा की गई।

## चंबल कमिश्नर के निर्देश पर कर्मचारी वैक्सीनेशन के लिये घर-घर कर रहे सर्वे



**मुरैना।** चंबल संभाग के कमिश्नर आशीष सक्सेना ने बैठक के दौरान निर्देश दिये थे कि 15 से 18 वर्ष तक बच्चों को शत-प्रतिशत टीकाकरण हो। इसके लिये कर्मचारी प्रतिदिन ऐसे स्थानों को चिन्हित करें, जहां 100 घर या एक गांव से ऊपर परिवार निवास करते हों, वहां सर्वे करें। चंबल कमिश्नर के निर्देशों के तहत मुरैना जिले के कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर बच्चों को टीकाकरण के लिये लग रहें है। नियुक्त कर्मचारी मतदाता सूची के अनुसार घर-घर जाकर लोगों के मोबाइल नंबर, आधार कार्ड सहित कम्यूनिकेशन संबंधी अन्य जानकारी लेकर आ रहें है। इस जानकारी को एम.एस. एक्सल कॉपी में बनाकर सुरक्षित रख रहें है। नियुक्त व्यक्ति प्रतिदिन 25 से 30 लोगों से संपर्क करके कोविड संबंधी जानकारी लेते है। ताकि जिला प्रशासन को सुदूर अंचलों की जानकारी एक साथ प्राप्त हो सके।

## बरिष्ठ समाजसेवी के निधन पर स्थानीय लोगों ने जताया शोक

**झुण्डपुरा।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं आचार्य पण्डित श्रीनिवास शर्मा का निधन हो गया। श्री शर्मा जरुरतमंद लोगों की हर संभव मदद करने के लिए हर समय तत्पर रहते थे। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही नगर में शोक की लहर फैल गई। उनकी अन्तिम यात्रा में जनप्रतिनिधि, नेता, पत्रकार, शिक्षक, व्यापारी सहित स्थानीय लोगों ने सम्मिलित होकर उन्हें श्रृद्धा सुमन अर्पित किये। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड गये है। उनके निधन पर नगर के गणमान्य लोगों, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार, व्यापारियों ने शोक संवेदना व्यक्त की है तथा दुःख की इस घडी में उनके परिवार को दुःख सहन करने तथा उनकी आत्मा की शान्ति की प्रार्थना की है।



## कृषि उपज मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष जितेंद्र किसान मोर्चा के जिला महामंत्री मनोनीत

**अम्बाह।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह धाकड़ ने भाजपा किसान मोर्चा की जिला कार्यसमिति की घोषणा की है, जिसमें भाजपा शीर्ष नेतृत्व की सहमति से अंबाह कृषि उपज मंडी के पूर्व उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह तोमर पप्पू को किसान मोर्चा का जिला महामंत्री नियुक्त किया गया हैं। इसके साथ ही अन्य पदाधिकारियों की घोषणा भी की गई। जितेंद्र सिंह तोमर पप्पू ने अपने मनोनयन पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को इस दायित्व के योग्य समझकर नई जिम्मेदारी दी है, जिसका वह पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे, साथ ही सरकार की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।



# भू माफियाओं ने किया जमीन पर कब्जा, पीड़ित ने दी आत्महत्या की धमकी



**मुरैना।** भूमाफिया द्वारा एक गरीब व्यक्ति की जमीन पर कब्जा कर पक्की कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है, जिसके संबंध में पीड़ित व्यक्ति पूर्व में भी कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित एसडीएम को कार्यवाही के लिए आवेदन दे चुके हैं तथा सीमांकन के आदेश भी हो चुके हैं, लेकिन कार्यवाही नहीं हुई है। पीड़ित जगन्नाथ पुत्र बुद्धा राठौर निवासी आजाद नगर वार्ड नंबर 15 मुरैना ने परिवार सहित जहर खाकर जान देने की धमकी आवेदन पत्र में दी है और इसकी प्रति मुख्यमंत्री, गृहमंत्री तक भेज दी है।

पीड़ित जगन्नाथ राठौर ने बताया कि पटवारी हल्का नंबर 40 के सर्वे नंबर 21 मौजा भोंडेरी की भूमि पर भूमाफिया द्वारा जबरदस्ती कब्जा कर कॉलोनी का निर्माण करवा दिया गया है। इस संबंध में उसके द्वारा 8 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक मुरैना, जिला कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार सहित सिटी कोतवाली को आवेदन देकर कार्रवाई के लिए निवेदन किया था। 13 दिसंबर को उसने फिर से पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी तथा 20 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक, जिला कलेक्टर, एसडीएम, थाना सिविल लाइन तथा तहसीलदार मुरैना को कार्यवाही के लिए निवेदन किया। तहसीलदार द्वारा 27 दिसंबर को सीमांकन के आदेश किए गए हैं, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है। पीड़ित ने 3 जनवरी को रजिस्टर्ड डाक से मुख्यमंत्री, गृहमत्री एवं नगरी प्रशासन मंत्री तथा पुलिस महानिदेशक भोपाल को आवेदन की प्रति भेज कर न्याय की मांग की है। पीड़ित ने पत्र में बताया कि आरोपियों द्वारा उसे एवं परिवार को डराया धमकाया जा रहा है, लेकिन प्रशासन व पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वह परिवार सहित जहर खाकर अपनी जान दे देगा।

# बोर से निकली आग की लपटें कौतूहल का विषय बनी



**मुरैना।** सबलगढ़ तहसील के बकसपुर गांव में किए जा रहे सरकारी बोर से सोमवार की सुबह अचानक आग की लपटें निकलने लगी जो लोगों के लिए कौतूहल का विषय बन गई और इसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ वहां जमा हो गई। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला भी मौके पर पहुंच गया है और बोर से निकल रही आग की लपटों का कारण जानने का प्रयास कर रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सबलगढ़ तहसील के वकसपुर गांव में नल-जल योजना के तहत शासकीय बोर कराया जा रहा था, शासकीय बोर से सोमवार की सुबह अचानक आग की लपटें निकलने लगी और काम कर रहे मजदूर हतप्रभ रह गए तथा इसकी सूचना धीरे-धीरे पूरे इलाके में फैल गई सूचना पाकर लोगों की भीड़ वहां जमा हो गई और इस कोतूहल देखने के लिए खड़े हो गए। देर शाम समाचार लिखे जाने तक बोर से आग की लपटें निकल रही थी। प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया है। प्रशासनिक अधिकारी अभी कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं है और जांच के बाद ही पता चलने की बात कह रहे हैं।

# एडीएम ने संगठनों को बताया तमाशागीर, परामर्श दात्री की नहीं ली बैठक, किया अपमान

### आधा दर्जन संगठनों के लोगों ने दिया धरना, कमिश्नर को दिया ज्ञापन



**मुरैना।** सोमवार को विभिन्न संगठनों की परामर्शदात्री की बैठक आहूत किए जाने के बाद एडीएम द्वारा आए हुए लोगों की बैठक ना लेते हुए उन्हें तमाशागीर बता कर उनका अपमान कर दिया, जिससे आक्रोशित आधा दर्जन संगठनों ने जिला कलेक्ट्रेट पर 3 घंटे धरना दिया और मुख्य सचिव के नाम कमिश्नर को ज्ञापन देकर एडीएम पर कार्यवाही की मांग की। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला कलेक्टर बी कार्तिकेयन द्वारा सोमवार को टीएल बैठक के बाद परामर्शदात्री की बैठक के निर्देश दिए थे, जिस पर से मध्यप्रदेश राजपत्र अधिकारी संघ के अध्यक्ष बृजेश शर्मा, मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के पवन परिहार, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रमोद कुमार मांझी, ओल्ड पेंशन एसोसिएशन अध्यक्ष मूंगाराम पाराशर, मध्य प्रदेश राज्य पत्रित महिला मोर्चा की अध्यक्ष रचना जैन, प्रांतीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा एवं महेंद्र राजोरिया सहित तमाम लोग बैठक के लिए पहुंचे। टीएल की बैठक समाप्त होने के बाद कलेक्टर ने एडीएम को परामर्शदात्री की बैठक लेने को कहा, लेकिन एडीएम नरोत्तम भार्गव बैठक ना लेते हुए उठकर चल दिए, जब पदाधिकारियों ने बैठक के लिए कहा तो वह तिलमिलाकर उन्हें तमाशागीर बताकर अपमान करते हुए निकल गए। अपमान का घूंट पीने के बाद सभी संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी जिला कलेक्ट्रेट पर धरने पर बैठ गए।

## सतर्क रहें और कोरोना निरोधक व्यवहारों का पालन करें: कलेक्टर



**मुरैना।** कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने सभी जिलेवासियों को समझाईश दी है कि सभी लोग सतर्क रहें, घबराएं नहीं और कोरोना निरोधक व्यवहारों का पालन करें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर, कार्य स्थल पर मास्क का प्रयोग करें। सामाजिक आयोजनों में सामाजिक दूरी, सेनेटाईजर से हाथ साफ करने संबंधित व्यवहार का पालन करें। कलेक्टर श्री कार्तिकेयन ने नागरिकों से अपील है कि कोविड के प्रारंभिक लक्षण जैसे सर्दी-खांसी, बुखार, सांस लेने में तकलीफ होने पर फीवर क्लीनिक में अपनी जांच तुरंत करवाएं, स्वयं ईलाज न करें, ऐसी स्थिति में कई बार जान का जोखिम रहता है। पूर्ण सुरक्षा के लिए कोविड टीकाकरण करवाएं, निर्धारित अवधि में दोनों डोज लगवाएं। सामाजिक दूरी का पालन करना एवं मास्क अनिवार्यतः लगाना, इस व्यवहार को अपने दैनिक जीवन शैली का एक हिस्सा बनाना होगा।

# पचौरी के नेतृत्व में मानव श्रृंखला निर्माण हेतु सबलगढ से मुरैना निकला काफिला



**सबलगढ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक के विषय को लेकर सबलगढ़ से मुरैना में विरोध प्रदर्शन व मानव श्रृंखला निर्माण हेतु सोमवार की दोपहर दीवान पैलेस के नजदीक मुख्य मार्ग से मोहन पचौरी के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक चार पहिया वाहनों का काफिला मुरैना रवाना हुआ। इस काफिले का संयोजन मोहन पचौरी व सुल्तान रावत द्वारा किया गया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा जनप्रतिनिधि मोहन पचौरी ने बताया कि पंजाब में हाल ही में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में जो चूक हुई है, वह अक्षम्य है। हाल ही में पंजाब के तट पर दो पाकिस्तानी नाव मिलना एक बड़े षड्यंत्र व साजिश की ओर इशारा करता है। पहले भी देश के कई महापुरुष व देश के अति महत्वपूर्ण लोग हमने आतंकवादी घटनाओं व हमलों में खोए हैं। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में की गई चूक के विरोध में हम पंजाब सरकार की बर्खास्तगी की मांग करते हैं। उन्होंने बताया कि इसी तारतम्य में मुरैना मैं मानव श्रृंखला निर्माण हेतु भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला मुरैना के नेतृत्व में व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनू परमार के आवाहन पर यह काफिला सबलगढ से मुरैना रवाना किया गया है।

# ईको टूरिज्म बोर्ड द्वारा अनुभूति कैम्प का आयोजन



**मुरैना।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार वन संरक्षण एवं पर्यावरण के संबंध में जागरूक करने हेतु प्रत्येक वर्ष ईको टूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा अनुभूति कैम्प का आयोजन किया जाता है। वन विभाग द्वारा यह आयोजन वन क्षेत्र शांतिनाथ जैन मंदिर टिकटोली दूमदार में आयोजित किया गया। जिसमें 4 विद्यालयों के 120 बच्चे, उनके शिक्षकों एवं वन अमला ने भागीदारी की।

मास्टर ट्रेनर के रूप में सुजागृति समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष जाकिर हुसैन ने बच्चों को वनों के संरक्षण, संवर्धन और जैव विविधता की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित कर प्रेरित किया तथा उनमें अनुभूति कराई गई। तत्पश्चात वन भ्रमण के लिए वन की पहाड़ी ले जाया गया, जंगलों से किस तरीके से मानव जीवन प्रभावित है। जल है तो जीवन है, यही सबसे बड़ा धन है। जब जंगल होंगे तो झरने होंगे, नदियां भी अच्छी बहेंगी और बरसात होगी। यह बात बच्चों को सिखाई गई। जंगल मनुष्य के फेफड़े हैं, एक जीव दूसरे जीव पर कैसे आधारित है। इस बात की अनुभूति बच्चों को करके वहां से जैन मंदिर को दिखाया गया। इस दौरान दीमक की बामू दिखाई गई व दीमक का इस प्रकृति में क्या महत्व है, इसकी जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि दीमक नहीं होती, जंगलों में जो पेड़ मृत पड़े रहते हैं। उन्हें खाकर मिट्टी में परिवर्तित करने की यह एक प्रक्रिया है। इस दौरान बच्चों को मधुमक्खी का छत्ता दिखाया गया, उनके परागण करने से वनों तथा फसलों पर पड़ने वाले प्रभाव बताए। एक छोटी सी क्विज कराई गई। इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरूस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में वन विभाग से एस.डी.ओ देवेंद्र सिंह के निर्देशन में रेंजर हिना खान के कुशल नेतृत्व में यह केम्प सफलतापूर्वक संपादित किया गया। तथा उनके द्वारा कोविड-19 से कैसे बचाव करें और वनों का कैसे संरक्षण करें आदि के बारे में बताया। डिप्टी रेंजर नरेश शर्मा और अन्य वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के आखिर में शांतिनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट द्वारा अधिकारी और कर्मचारियों का पगड़ी, दुपट्टा और माला पहनाकर सम्मान किया।

## देष की सुरक्षा तार -तार, कौन जिम्मेंदार ?

पंजाब जहां इसी वर्श हाल हीं में विधानसभा चुनाव होने वाले है, आयोजित रैली को संबोधित करने हेतु मार्ग से जाते हुये प्रधानमंत्री के काफिले के सामने आये प्रदर्षनकारियों के कारण पैदा हुये अवरोध के चलते बिना रैली को संबोधित किये प्रधानमंत्री को वापिस लौटना पड़ा। इस हालात को लेकर देष की राजनीति गरमा गई है। पंजाब में कांग्रेस की सरकार है,जहां षीघ्र ही विधानसभा चुनाव होने वाले है। इस हालात पर भाजपा कांग्रेस को घेरने का प्रयास कर रही है तो कांग्रेस बचाव का रास्ता ढूंढ़ रही है। इस सियासत की राजनीति के चक्रव्यूह में देष की सुरक्षा फंस चुकी है। जहां से साजिस की भी बू आ रही है। इस मसले पर पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने साफ तौर पर अपना पक्ष उजागर करते हुये कहा कि सरकार मिलकर काम करती है, हम प्रधानमंत्री का आदर करते है । प्रधानमंत्री की सुरक्षा में राज्य सरकार की ओर से कोई चूक नहीं हुई है। प्रदर्षनकारी षांतिपूर्ण तरीके से प्रधानमंत्री से मिलना चाहते थें, प्रषासन ने रास्ता खाली करने की भरपूर कोषिष की। उनपर लाठी गोली चलाकर लाठी गोली की सरकार हम नहीं बनना चाहते। वारिष होने के कारण पूर्व में कार्यक्रम रद्द करने का अनुरोध भी किया गया पर ऐसा नहीं हो सका। कोविड पॉजिटिव के सम्पर्क में आने के कारण मेरा आना संभव नहीं हो सका। प्रधानमंत्री को वापिस लौटना पड़ा, जानकर दुःख हुआ। प्रधानमंत्री के काफिले पर कोई हमला नहीं हुआ। सुरक्षा को लेकर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। सुरक्षा में कोई चूक नहीं हुई है, इस मामले में सरकार हर तरह के जांच के लिये तैयार है। श्री बिट्टा ने इस मसले को गंभीर बताते हुये भाजपा एवं कांग्रेस दोनों को एक दूसरे पर आरोप लगाने की राजनीति को तत्काल बंद कर सुरक्षा में हुई लापरवाही के सही तथ्य को उजागर करने की बात करते हुये कहा कि देष पहले ही सुरक्षा में हुई लापरवाही के चलते देष के दो प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी को खो चुका है, इस तरह की अनहोनी किसी और प्रधानमंत्री के साथ न घटे,इसका ख्याल रखा जाना चाहिये। चुनाव तो देष में होते ही रहेंगे पर प्रधानमंत्री की सुरक्षा में कोताही नहीं बरतना चाहिए। देष के प्रधानमंत्री की यात्रा से जो मामला जुड़ा हो, निष्चित तौर पर देष की अस्मिता से जुडा प्रसंग होता है जहां सुरक्षा के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही न होनी चाहिए, न इस मामले में राजनीति होनी चाहिए। प्रधानमंत्री की यात्रा केन्द्र से जुड़ा मसला होता है जहां सुरक्षा के मामले में गृह मंत्रालय हर तरह से जिम्मेदार होता है। पंजाब की प्रधानमंत्री यात्रा सियासत का एक अंग बन चुकी है। जहां हर मामले को वहां होने वाले विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में आंका जा रहा है। इस तरह की उभरती पृश्ठभूमि देष की अस्मिता को चुनौती देती है। प्रधानमंत्री की यात्रा को कभी भी राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री की यात्रा को लेकर पंजाब में जो कुछ घटा, जहां प्रधानमंत्री को बीच रास्ते से लौटना पड़ा, इस तरह के परिवेष का देष के बाहर प्रतिकूल असर पड़ा है जिसे नकारा नहीं जा सकता। इस पर देष में राजनीति नहीं होनी चाहिए । सियासत के लिये प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर की जा रहीं राजनीति देष को गंभीर संकट में डाल सकती है। इस तरह का परिवेष देषहित में कदापि नहीं हो सकता। सुरक्षा तार - तार हुई तो कोई तो जिम्मेदार है ही। देष की सुरक्षा आज सियासत और साजिष के बीच उलझ गई है। जो अच्छी बात नहीं।

# अभी मीलों चलना बाक़ी है...

**सोनम लववंशी**

हमारे देश में महिला समानता की बातें बड़े जोर- शोर से की जाती है और इस मसले को हवा देने में सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक कोई भी दल पीछे नहीं रहता। हालिया दौर में होने जा रहें उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव को ही ले लीजिए। कांग्रेस ने लड़की हूँ, लड़ सकती हूं का स्लोगन दिया है तो वहीं भाजपा के महिलाओं को लेकर अपने दावे हैं। लेकिन इसी बीच जो एक कड़वी सच्चाई निकलकर आई है। आख़िर उससे मुँह कौन फेर सकता है? जी हां महिला समानता की बातें सिर्फ़ बातें हैं, लेकिन ज़मीनी हक़ीकत कुछ और ही बयां करती है। अभी हाल ही में संसद में महिलाओं के लिए एक अहम विधेयक पारित किया गया। जिसमें महिलाओं की शादी की उम्र को 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष तक किए जाने की वकालत की गई है। ऐसे में विडंबना देखिए जिन 31 सदस्यों की समिति को इस विधेयक की जांच पड़ताल का ज़िम्मा सौंपा गया उनमें मात्र एक महिला प्रतिनिधि मौजूद है। ऐसे में जब महिलाओं के सम्बंध में लिए जाने वाले निर्णयों में ही अब महिला सदस्यों की मौजूदगी नहीं रहेगी तो फिर कैसे बेहतर विकास की इबारत लिखना सम्भव हो पाएगा? यह सवाल स्वयंमेव उठ खड़ा होता है और सवाल यह भी कि क्या महिलाओं से सम्बंधित निर्णय लेने के अधिकार भी महिलाओं को नहीं है? इतना ही नहीं सवाल तो यह भी उठ रहे हैं कि क्या संसदीय व्यवस्था में भी महिलाओं के प्रतिनिधित्व की अहमियत भी अब खत्म हो गई है?

गौरतलब हो कि जब महिलाएं ही निर्णायक समिति में मौजूद नही रहेगी तो महिलाओं के हक़ की बात महज ढकोसला बनकर ही रह जाएगी। वैसे भारतीय राजनीति की ही बात करें तो उच्च पदों पर महिलाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। आज़ादी के 75 वर्षों में लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 10 प्रतिशत भी नहीं बढ़ सका है और तो और अब इसे दुर्भाग्य नहीं तो ओर क्या कहेंगे कि अब तक महिलाओं के संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण बिल को लोकसभा में पारित नहीं किया गया है। वहीं केंद्र सरकार बाल विवाह निषेध (संशोधन) अधिनियम 2021 को दिसंबर में संसद के शीतकालीन सत्र में लेकर आई थी और इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं के लिए विवाह करने की न्यूनतम कानूनी उम्र को 18 से बढ़ा कर 21 करना था। अधिनियम का काफी विरोध देखने के बाद सरकार ने इसे राज्य सभा की शिक्षा, महिलाओं, बच्चों, युवाओं और खेल की स्थायी समिति के पास भेज दिया गया। समिति में अलग-अलग पार्टियों से राज्य सभा के 10 और लोक सभा के 21 सांसद हैं। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि 31 सदस्यों की इस सूची में सिर्फ एक महिला सांसद हैं और वह तृणमूल कांग्रेस से राज्य सभा की सदस्य सुष्मिता देव हैं। ऐसे में सवाल यही कि क्या अब महिलाओं के प्रतिनिधित्व की अहमियत और महिलाओं के हक के फैसले भी पुरुष सांसद ही करेंगे?

वैसे किसी भी समाज की धुरी स्त्री और पुरुष दोनों होते हैं। ऐसे में अगर कोई एक पक्ष कमजोर पड़ा तो देश का विकास प्रभावित हो जाएगा, लेकिन यहां स्थिति शायद कुछ दूसरी ही है। बाल विवाह संशोधन विधेयक महिलाओं की बेहतरी के लिए लाया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा लाए गए इस विधेयक में विवाह की उम्र को 18 वर्ष से 21 वर्ष करने की बात कही गई है। जो कहीं न कहीं महिलाओं के पक्ष में है। लेकिन इसके लिए वकालत करने वाली कमेटी पुरुषवादी वर्चस्व से ग्रसित है। वही इस समिति की एक मात्र टीएमसी महिला सांसद सुष्मिता देव ने भी इस बात को माना है कि महिलाओं से सम्बंधित विधेयक समिति में महिलाओं की मौजूदगी को बढ़ाया जाना चाहिए। देश में आधी आबादी को पूरा हक देने की बात देश में काफी लंबे समय से की जा रही है और इस दिशा में कई क़दम भी उठाए गए है। लेकिन आज भी महिलाओं को समता, समानता का हक़ नहीं मिल पाया है और 31 लोगों की समिति इसी तथ्य को उजागर करती है। मालूम हो कि पितृसत्तात्मक आधिपत्य के कारण महिलाओं के साथ भेदभाव होता आ रहा



है। यहां तक कि घरेलू मामलों में भी महिलाओं को फैसला लेने की अनुमति नहीं दी जाती है और आज भी विवाह जैसे अहम फ़ैसले में लड़कियों की पसंद को तवज्जों तक नहीं दी जाती है। यहां तक कि समान शिक्षा के अधिकार से भी वंचित रखा जाता है।

बात भारत के संदर्भ में करे तो महिला विधायकों की स्थिति निराशाजनक है। मात्र 9 फ़ीसदी महिला विधायकों का होना इस बात की और साफ़ संकेत करता है कि अभी समानता के लिए देश में मीलों का सफ़र तय करना होगा। राजनीति एक प्रतिस्पर्धा का क्षेत्र है जिसमें आज भी पुरुषों का वर्चस्व है। ये सच है कि दशकों से लैंगिग समानता के लिए वैश्विक स्तर पर नीतियां बनाई जा रही है। पर धरातल पर तस्वीरें धुंधली नज़र आती है। वर्तमान दौर में राजनीति में महिलाओं की भागीदारी नहीं बढ़ी तो वह दिन दूर नहीं जब तालिबानी शासन का बोलबाला होगा और जहां महिलाओं को राजनीति तो दूर शिक्षा तक का अधिकार नहीं दिया जाएगा। मालूम हो कि इतिहास साक्षी है कि विश्व में जब-जब महिलाओं ने नेतृत्वकारी भूमिका का निर्वहन किया है तब-तब विकास की नई इबारत लिखी गई है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां महिलाओं ने अपनी छाप न छोड़ी हो। कोरोना काल में जब विश्व भयंकर त्रासदी झेल रहा था तब न्यूज़ीलैंड दुनिया का पहला देश बना जहां प्रधानमंत्री जेसिका अर्डन ने अपने कुशल नेतृत्व से कोरोना मुक्त देश की इबारत लिखी। 2019 में ही जब न्यूजीलैंड के एक शहर की मस्जिदों पर ईसाई आतंकी ने हमला किया। तब उनकी सजगता और मार्मिक निर्णय ने लोगों का दिल जीत लिया था। यह कोई पहला उदाहरण नहीं जब महिलाओं ने अपने साहस और सूझबूझ से दुनिया फ़तह की हो। बल्कि इसिहास में महिलाओं के शौर्य और कीर्ति के किस्से भरे पड़े है। लेकिन यह हमारा दुर्भाग्य ही है कि महिलाओं को अपनी काबिलियत साबित करना पड़ता है। जो महिलाएं सृजन कर सकती है वह कमज़ोर तो कतई नहीं हो सकती है और यह हमारा समाज जितनी जल्दी समझ सकें उतना ही बेहतर है।

एक आंकड़े की बात करें तो एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में कुल 4,120 विधायकों में से सिर्फ नौ प्रतिशत विधायक महिलाएं हैं। पार्टियां महिलाओं को चुनाव लड़ने का अवसर भी कम देती हैं। इतना ही नहीं चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 2002 से 2019 तक लोकसभा चुनावों में लड़ने वाले उम्मीदवारों में से 93 प्रतिशत उम्मीदवार पुरुष थे और इसी अवधि में विधान सभा चुनावों में यह आंकड़ा 92 प्रतिशत था। ऐसे में महिलाएं आगे कैसे बढ पाएगी, जब निर्णय की क्षमता उनके पास नहीं? यह अपने आपमें बड़ा सवाल है। वहीं उम्र निर्धारण करने संबंधी बिल पर संसद की संसदीय समिति की पहली बैठक जनवरी के अंतिम हफ्ते में होने की संभावना है और संसद के अगले मॉनसून सत्र तक इसे संसद के पटल पर पेश किए जाने की पूरी संभावना है और इस मुद्दे ने भारतीय संसदीय व्यवस्था में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के संकट को एक बार फिर रेखांकित किया है। इंटर पार्लियामेंटरी यूनियन के मुताबिक वैसे भी राष्ट्रीय संसदों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में पूरी दुनिया में भारत का 148वां स्थान है और इस सूची में चीन 46वें स्थान पर तो वहीं बांग्लादेश 111वें और पाकिस्तान 116वें स्थान पर हैं। गौरतलब हो कि इतना ही नहीं भारतीय संसद के दोनों सदनों में कुल मिलाकर 788 सदस्य हैं जिनमें से सिर्फ 103 महिलाएं हैं, यानी सिर्फ 13 प्रतिशत। राज्य सभा के 245 सदस्यों में से सिर्फ 25 महिलाएं हैं, यानी लगभग 10 प्रतिशत और लोक सभा में 543 सदस्यों में से सिर्फ 78 महिलाएं हैं, यानी 14 प्रतिशत।

## सुखी रहना है तो भगवान से शिकायत न करें

इंसानों की एक सामान्य आदत है कि तकलीफ में वह भगवान को याद करता है और शिकायत भी करता है कि यह दिन उसे क्यूं देखने पड़ रहे हैं। अपने बुरे दिन के लिए इंसान सबसे ज्यादा भगवान को कोसता है। जब भगवान को कोसने के बाद भी समस्या से जल्दी राहत नहीं मिलती है तो सबसे ज्यादा तकलीफ होती है। इसका कारण यह है कि उसे लगता है कि जो उसकी मदद कर सकता है वही कान में रूई डालकर बैठा है। इसलिए महापुरूषों का कहना है कि दुख के समय भगवान को कोसने की बजाय उसका धन्यवाद करना चाहिए। इससे आप खुद को अंदर से मजबूत पाएंगे और समस्याओं से निकलने का रास्ता आप स्वयं ढूंढ लेंगे। भगवान किसी को परेशानी में नहीं डालते और न ही वह किसी को परेशानी से निकाल सकते हैं। भगवान भी अपने कर्तव्य से बंधे हुए हैं। भगवान सिर्फ एक जरिया हैं जो रास्ता दिखाते हैं चलना किधर है यह व्यक्ति को खुद ही तय करना होता है। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में इस बात को खुद स्पष्ट किया है। आधुनिक युग के महान संत रामकृष्ण का नाम आपने जरूर सुना होगा। ऐसा माना जाता है कि मां काली उन्हें साक्षात दर्शन देती थी और नन्हें बालक की तरह रामकृष्ण को दुलार करती थीं। ऐसे भक्त की मृत्यु कैंसर के कारण हुई। मृत्यु के समय इन्हें बहुत की कष्ट का सामना करना पड़ा। रामकृष्ण चाहते तो मां काली से कह कर रोग से मुक्त हो सकते थे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और पूर्व जन्म के संचित कर्मों को नष्ट करने के लिए दु?ख सहते रहे और अंततः परम गति को प्राप्त हुए।

# दवाई भी, ढिलाई भी

**सिद्वार्थ शंकर**

कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन को लेकर दुनिया ही नहीं, भारत में भी चिंता बढ़ गई है। सरकारी स्तर पर इससे निपटने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। भारत में अब संक्रमितों का आंकड़ा एक लाख को पार कर गया है। इस बीच एक राहत की खबर भी आई है, वह कोरोना से बचाव के कवच को लेकर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐलान किया है कि देश में कोरोना वैक्सीन का आंकड़ा 150 करोड़ पार कर गया है। प्रधानमंत्री ने कोलकाता में चित्तरंजन राष्ट्रीय कैंसर संस्थान के दूसरे परिसर का उद्घाटन करने के बाद कोरोना पर भी बात की। पीएम मोदी ने बताया कि देश में अब तक कोरोना की 150 करोड़ वैक्सीन खुराक लगाई जा चुकी है। वह बोले कि कोरोना पिछले 100 साल की सबसे बड़ी महामारी है। पीएम ने कहा कि साल की शुरुआत देश ने 15 से 18 साल की उम्र के बच्चों के लिए वैक्सीनेशन से की है। इसके साथ साल के पहले महीने के पहले हफ्ते में ही 1.5 बिलियन वैक्सीन डोजे का इतिहास रच दिया है। आज भारत की वयस्क जनसंख्या में से 90 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को वैक्सीन की एक डोज लग चुकी है। सिर्फ 5 दिन के भीतर ही डेढ़ करोड़ से ज्यादा बच्चों को भी वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी है। ये उपलब्धि पूरे देश की है, हर सरकार की है। इससे पहले भारत ने कोविड टीकाकारण की 100 करोड़ डोज का आंकड़ा पूरा कर इतिहास रच दिया था। यह कामयाबी महज नौ महीने में हासिल की गई थी। भारत के टीकाकरण इतिहास में इतने कम समय में सौ करोड़ का आंकड़ा कभी पार नहीं किया। कोरोना वैक्सीन के मामले में खास बात है कि भारत ने खुद बहुत कम समय में दो-दो वैक्सीन बनाई और रिकार्ड कम समय में सौ करोड़ लोगों को टीके की डोज लगवाई। भारत ने यह तब कर दिखाया, जब कोविड वायरस के बारे में विश्वभर में ज्यादा जानकारी नहीं थी। अब यह आंकड़ा 150 करोड़ को पार कर गया है। देश के लिए यह गौरव का क्षण है। कोरोना के चलते सुस्त हुई अर्थव्यवस्था के बावजूद पीएम मोदी की सरकार ने टीके की रिसर्च से लेकर



निर्माण व टीकाकरण तक बजट की कमी नहीं होने दी। आम बजट में कोरोना टीकाकरण के लिए अलग से आवंटन कर सरकार ने अपना इरादा जता दिया था कि कोविड के खिलाफ जंग में धन की कमी आड़े नहीं आने वाली है। कोविड टीकाकरण अभियान में सरकार के सामने कई चुनौतियां थीं। इस उपलब्धि के बाद भी हालांकि खतरा अभी टला नहीं है। इसमें संदेह नहीं कि टीका महामारी से बचाव का बड़ा हथियार साबित हुआ है। टीका लगवा चुके लोगों को अगर संक्रमण हो भी रहा है तो वे गंभीर स्थिति में जाने से बच जाते हैं। लेकिन जिन लोगों ने टीका नहीं लगवाया है, उनके संक्रमित होने का जोखिम कहीं ज्यादा है। अब देश के ज्यादातर हिस्सों में ओमिक्रॉन का कहर बरप रहा है। कई राज्यों में स्थिति खतरनाक हो गई है। राज्य सरकारों ने प्रतिबंधों का दौर शुरू कर दिया है। अमेरिका से भारत तक कोरोना के बढ़ते मामले हमें चिंता में डालने लगे हैं। पिछले सप्ताह से भारत में कोरोना संकट तेजी से बढने लगा है। गनीमत है, मरने वालों की संख्या कम है। यह आंकड़ा बढना नहीं चाहिए। ओमिक्रॉन के मामले अभी भी कम हैं, लेकिन क्या डेल्टा का हमला फिर तेज हुआ है? डेल्टा क्या दूसरी लहर के समान ही घातक है? आने वाले दिनों में जब और आंकड़े सामने आएंगे, तब पता चलेगा। तीसरी लहर अगर शुरू हो गई है, तो स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए जिम्मेदार लोगों को विशेष रूप से सक्रिय हो जाना चाहिए। हम कैसे भुला दें, पिछले वर्ष मई में दूसरी लहर के समय प्रतिदिन चार लाख से ज्यादा मामले आने लगे थे और प्रतिदिन लगभग चार हजार लोग जान गंवा रहे थे। आज जरूरी है, उस बेहद बुरे दौर को याद कर लिया जाए और हर स्तर पर यथोचित तैयारी रखी जाए। विशेषज्ञों की नजर में फिलहाल राहत यही है कि ज्यादातर लोगों का इलाज घरों में ही चल रहा है और अस्पतालों पर दबाव बढ़ना नहीं शुरू हुआ है। फिर भी समय रहते सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी मरीज को बिस्तर या ऑक्सीजन से वंचित न रहना पड़े। इस बार अगर किसी तरह की चूक हुई, तो अक्षम्य होगी। दूसरी लहर की तमाम खामियों, लापरवाहियों से हमने क्या सीखा है, यह सामने आने वाला है।

# छोटे कद के बड़े नेता थे शास्त्री जी

**सूडोकु नवताल- 5949**

★★★✫✫ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5948 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

**रमेश सर्राफ धमोरा**

लाल बहादुर शास्त्री के मन में बचपन से देश भक्ति की भावना भरी थी। अपनी इसी भावना के चलते उन्होने राष्ट्रीय स्तर पर कुछ करने का मन बना लिया था। जब गांधी जी ने देशवासियों से असहयोग आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया था उस समय शास्त्रीजी केवल सोलह वर्ष के थे। महात्मा गांधी के आह्वान पर उन्होने अपनी पढ़ाई छोड़ देने का निर्णय कर लिया था। उनके इस निर्णय ने उनकी मां की उम्मीदें तोड़ दीं। उनके परिवार ने उनके इस निर्णय को गलत बताते हुए उन्हें रोकने की बहुत कोशिश की लेकिन वे इसमें असफल रहे। लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी से सात मील दूर रेलवे टाउन मुगलसराय में हुआ था। उनके पिता एक स्कूल शिक्षक थे। जब लाल बहादुर शास्त्री केवल डेढ़ वर्ष के थे। तभी उनके पिता का देहांत हो गया था। उनकी मां अपने तीनों बच्चों के साथ अपने पिता के घर जाकर बस गई। उस छोटे-से शहर में लाल बहादुर की स्कूली शिक्षा कुछ खास नहीं रही। उन्हें वाराणसी में चाचा के साथ रहने के लिए भेज दिया गया था। ताकि वे उच्च विद्यालय की शिक्षा प्राप्त कर सकें। घर पर सब उन्हें नन्हे के नाम से पुकारते थे। बड़े होने के साथ-ही लाल बहादुर शास्त्री विदेशी दासता से आजादी के लिए देश के संघर्ष में अधिक रुचि रखने लगे। वाराणसी के काशी विद्या पीठ में अध्ययन के दौरान शास्त्री जी महान विद्वानों एवं राष्ट्रवादियों के प्रभाव में आए। विद्या पीठ द्वारा उन्हें प्रदत्त स्नातक की डिग्री का नाम



'शास्त्री' था। शास्त्री की उपाधी उनके नाम के साथ ऐसे जुड़ी कि जीवन पर्यन्त वो शास्त्री के नाम से ही जाने गये। 1927 में मिर्जापुर की ललिता देवी से उनकी शादी हो गई।

संस्कृत भाषा में स्नातक स्तर तक की शिक्षा समाप्त करने के पश्चात् वे भारत सेवक संघ से जुड़ गये और देशसेवा का व्रत लेते हुए यहीं से अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत की। शास्त्रीजी सच्चे गान्धीवादी थे। जिन्होंने अपना सारा जीवन सादगी से बिताते हुये गरीबों की सेवा में लगाया। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों व आन्दोलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी रहती थी। परिणामस्वरूप उन्हें कई बार जेल जाना पड़ा। स्वाधीनता संग्राम के जिन आन्दोलनों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही उनमें 1921 का असहयोग आंदोलन, 1930 का दांडी मार्च तथा 1942 का भारत छोड़ो आन्दोलन उल्लेखनीय हैं। उन्होंने कई विद्रोही अभियानों का नेतृत्व किया एवं कुल सात वर्षों तक ब्रिटिश जेलों में रहे।

शास्त्रीजी के राजनीतिक दिग्दर्शकों में पुरुषोत्तमदास टंडन, पण्डित गोविंद बल्लभ पंत, जवाहर लाल नेहरू शामिल थे। 1929 में इलाहाबाद आने के बाद उन्होंने टंडनजी के साथ भारत सेवक संघ की इलाहाबाद इकाई के सचिव के रूप में काम करना शुरू किया। इलाहाबाद में रहते हुए ही नेहरूजी के साथ उनकी निकटता बढ़ी। इसके बाद तो शास्त्रीजी का कद निरन्तर बढ़ता ही चला गया और वे लगातार सफलता की सीढियां चढते गये। भारत की स्वतन्त्रता के पश्चात शास्त्रीजी को उत्तर प्रदेश में संसदीय सचिव नियुक्त किया गया था। गोविंद बल्लभ पंत के मन्त्रिमण्डल में उन्हें गृह एवं परिवहन मन्त्रालय सौंपा गया। परिवहन मन्त्री के कार्यकाल में उन्होंने प्रथम बार महिला बस कण्डक्टरों की नियुक्ति की थी। गृह मन्त्री होने के बाद उन्होंने भीड़ को नियन्त्रण में रखने के लिये लाठी की जगह पानी की बौछार का प्रयोग प्रारम्भ करवाया। 1951 में जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में वो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव नियुक्त किये गये।

उन्होंने 1952, 1957 व 1962 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से जिताने के लिये बहुत परिश्रम किया। 1952 में वो पंडित नेहरु के मंत्री मंडल में रेलमंत्री बने। 1956 में केरल राज्य के अरियालुट में एक बहुत बड़ी रेल दुर्घटना हो गयी। उस दुर्घटना में 150 लोगों की मौत हो गयी थी। इस घटना से शास्त्री को बहुत दुःख हुआ।

## घातक मनोवृत्ति

साइबर दुनिया जहां तरक्की की राह दिखाती है, वहीं अपराधियों के घातक मंसूबों को अंजाम देने का साधन भी बन गई है। दरअसल, साइबर अपराधियों के खिलाफ समय रहते सख्त कार्रवाई न होने से ऐसे तत्वों के हौसले बुलंद हो जाते हैं। उन्हें लगता है कि वर्ग विशेष की मौन सहमति उन्हें प्राप्त है। ऐसे हमले समुदाय या लिंग विशेष पर न होकर पूरी सामाजिकता के ताने-बाने को क्षतिग्रस्त करते हैं। हाल ही में सामने आया 'बुल्ली बाई' एप का मामला इसी कड़ी का विस्तार है, जिसमें सोशल मीडिया पर सक्रिय संप्रदाय विशेष की महिलाओं की प्रतिष्ठा व गरिमा को ठेस पहुंचाने की कुत्सित कोशिश की गई। हालांकि, इस मामले में तल्ख प्रतिक्रिया के बाद सरकार ने इस विवादित एप पर रोक लगाई और विद्वेष फैलाने वाले समूह की मास्टर माइंड महिला व एक इंजीनियरिंग के छात्र को गिरफ्तार करके ऐसे तत्वों को सख्त संदेश भी दिया है। लेकिन इससे समाज में जो कटुता व विद्वेष फैला है, उसकी क्षतिपूर्ति इतनी आसान भी नहीं होगी। इस मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी शीघ्र कार्रवाई के लिये पुलिस को कहा था। दरअसल, इस विवादित एप पर संप्रदाय विशेष की महिलाओं के चित्र अपलोड करके उनके बारे में अनुचित व अश्लील बातें लिखी गई थीं। इससे पहले गत वर्ष जुलाई में ऐसे ही विवादित एप का मामला संप्रदाय विशेष की महिलाओं को निशाने पर लेने के आरोपों के बीच सामने आया था। लेकिन दिल्ली व यूपी में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने से उससे मिलते-जुलते नये एप का मामला प्रकाश में आ गया। जाहिर बात है कि समय रहते कार्रवाई न होने से साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद होते हैं। इसके बावजूद भले ही पुलिस ने मुख्य अपराधियों को पकड़ लिया है, लेकिन सामाजिक समरसता को इससे जो क्षति होती है, उसकी भरपाई संभव नहीं है। ऐसे में साइबर अपराधों से निपटने के लिये सख्त तंत्र विकसित करने की जरूरत है, अन्यथा ऐसी कुत्सित कोशिशों का समाज को बड़ा खमियाजा भुगतना पड़ेगा जो कालांतर कानून व्यवस्था के लिये चुनौती पैदा कर सकता है।

निस्संदेह, वक्त आ गया है कि समाज में नफरत फैलाने वाले साइबर अपराधियों पर मजबूती से शिकंजा कसा जाये। अपराधों की पुनरावृत्ति रोकने के लिये यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि ऐसे अपराधियों पर समय रहते निर्णायक कार्रवाई की जाये, जिसके लिये तंत्र की प्रतिबद्धता जरूरी है। दरअसल, दुनिया भर में साइबर स्पेस तेजी से यौन विकृतियों, आर्थिक अपराधियों तथा महिलाओं को निशाने पर लेने वाले ट्रोलर्स का अड्डा बनता जा रहा है।

# नपा प्रशासन की ढीले रवैया के चलते नहीं हुई गौशाला शुरू आक्रोशित किसानों ने नगर परिषद का किया घेराव






भिण्ड। जिले के अकोड़ा नगर परिषद में एक साल पूर्व पहले बनाई गई थी गौशाला जिसको अभी तक शुरू नहीं किया गया। इसका कारण है कि नगर परिषद की ढीले रवैए के चलते कामों में होती है लापरवाही। जिसको देखते हुए स्थानी किसानों ने सोमवार की सुबह गायों को नगर परिषद के अंदर बंद कर किया घेराव प्रशासन से रखी मांग गौशाला को शुरू किया जाए नहीं तो आंदोलन शुरू रहेगा। जिसकी जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे नपा प्रशासन एसडीएम उदय सिंह सिकरवार उन्होंने कहा कि नगर परिषद से गायों को निकाल कर गौशाला में भेजा जाए और इसकी जल्द से जल्द समिति बनाकर गौशाला को शुरू कराने का कार्य करेंगे। जिसके बाद किसानों ने गायों को नगर परिषद से निकाल कर गौशाला में छोड़ा है और दो दिन की गायों की खाने पीने की व्यवस्थाएं भी किसानों के द्वारा की जाएगी। वहीं दूसरी ओर इस पर जब सीएमओ रामभान सिंह भदोरिया से पूछना चाहा तो वह कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। किसान सर्दी के मौसम में हो रही बारिश से वैसे ही रो रहा है वहीं गायों का अवारा घूमना बड़ा दुखदायी हो रहा है गायों की वजह से किसान अपने घरों में सर्द रातें न बिताकर खेतों की रात भर खड़े रहकर रखवाली कर रहे हैं और दो दिन से हो रही बारिश से किसान लगातार पानी में भींगकर गायों से अपने खेत बचा रहा है लेकिन गायें एक खेत से भगा दी जाती है तो दूसरे खेत में घूस जाती है जहां कहीं भी किसानों की खेत से नजर हटी वहीं गाय अपना धावा बोल देती है और रात भर में फसल बर्वाद कर देती है। आक्रोशित किसानों ने बताया गौशाला खुलवाने के लिए सीएमओ को कई बार मौखिक रूप से आवेदन भी दिए किन्तु सीएमओ रामभान एक-दो दिन की कहकर किसानों को गुमराह कर रहे थे। सोमवार की अल सुबह जब किसान अपने खेत पर पहुंचे तो वहां गायें खेतों में लगी मिली। जिससे उन्होंने गायों को एकत्रित कर नगरपरिषद अकोड़ा परिसर में लाकर बाहर से गेट लगा दिया और आंदोलन करने लगे। जब सीएमओ रामभान को घटना की जानकारी लगी तो उन्होंने आनन-फानन में अकोड़ा पहुंचकर गौशाला का गेट खुलवाया और किसानों से गायों को गौशाला में ले जाने के लिए कहा परन्तु आक्रोशित किसानों ने सीएमओ पर गुस्सा जताया और किसी बड़े अधिकारी को बुलाने के लिए विवश किया साथ ही गौशाला का नजारा देखा तो वहां एक भी गाय नहीं थी जिस कार्य के लिए गौशाला का निर्माण किया गया था उसे उपयोग न कर सजाए रखे थे। सीएमओ रामभान ने बातचीत के दौरान बताया कि गायों के आहार, पानी के लिए व्यवस्था नहीं हो पा रही थी और कहीं इस अव्यवस्था से गायें मर न जाये जिसकी वजह से गौशाला नहीं खोली जा रही थी। मौके पर पहुंचे एसडीएम उदयसिंह सिकरवार ने मामले को समझकर आक्रोशित किसानों को शांत किया और नगर परिषद से गायें निकलवाकर गौशाला भिजवाईं। साथ ही उनके आहार और पानी के प्रबन्ध कराने के निर्देश दिए।

## ऊपर वाला तो पहले से ही रुठा था नीचे वाले भी अब रूठ गए अन्नदाता करें तो क्या करें?

गोहद तहसील के अंतर्गत शेरपुर खरीदी केंद्र नाम से संचालित रावतपुरा पर तैनात सरकारी विभाग के सेक्रेटरी एवं सचिव द्वारा पात्र किसानों को धान खरीदी के बजह खदेड़ा जा रहा है जो पैसा देता है अपात्र उसकी धान तत्काल खरीदी जाती है संवाददाता ने अधिकारी से इस अलसुबह जानकारी चाही तो सीधा जवाब ना देते हुए चलते बने। अन्नदाता की कोई सुनवाई नहीं ऊपरवाला रूठा है





मगर नीचे तो मामा की सरकार के नुमाइदे बैठे हुए किसानों की नहीं सुनेंगे अपात्रों की तौली की जा रही है पात्रों को भगा दिया जाता है आज 3 दिन से क्षेत्रीय किसान निजी धान खरीदी केंद्र पर हड़ताल कर शिवराज सरकार मुर्दाबाद के नारे लगा रहे हैं लेकिन इस सेन्टर पर कोई प्रशासन का वरिष्ठ अधिकारी 2 बजे तक नही पहुंचा रावतपुरा सेन्टर पर। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि मार्केटिंग सोसायटी के शाखा सचिव शिव नारायण सिंह तोमर द्वारा यह सब कारगुजारी की जा रही है मोबाइल पर 8 दिन पूर्व जिसके पास मैसेज गया उन पत्रों की खरीदी नहीं जिसका मैसेज नहीं उसका धान तोली जा रही है कुछ लालच के चक्कर में सचिव के द्वारा यह सब कार्य किया जा रहा है दूरदराज से आए अन्नदाता की चिंता बढ़ गई है कि शासन द्वारा की गई तारीख में मात्र 4 दिन बचे हैं परंतु समस्या का हल दिखाई नहीं देता हो रहा है प्रशासन खरीदी के स्थल पर पानी भरा होने का हवाला दे रहा है।

**इनका कहना है :**

1. तौल केंद्र पर पानी भरा हुआ है हम पात्र किसानों की एवं अपात्र के किसानों की धान अन्य सेंटर पर शीघ्र तुलाने की व्यवस्था करेंगे।

**शुभम शर्मा एसडीएम गोहद**

2. धान गीली हो चुकी है हम खरीदते हैं तो हमें भी जवाब देंना होगा मगर हम शासन के नियमों की अनदेखी नहीं कर सकते।

**शिव नारायण सिंह तोमर सचिव**

## संक्षिप्त समाचार

### तेज रफ्तार में आ रही कार ने ट्रक में पीछे मारी टक्कर, कार सवार घायल

भिण्ड। सर्दी के मौसम में सड़क हादसे की घटनाएं बढ़ गई है। भिंड के एनएच-719 पर हाईवे पर माइनिंग से भरे ट्रक से वसूली के लिए रोका गया, इसी समय पीछे से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। कार में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। परंतु, कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई। यह घटना रात करीब तीन बजे की बताई जा रही है। हाईवे के आरटीओ टोल टैक्स के पास एक माइनिंग से भरे ट्रक को कटरों ने रोक लिया। ट्रक और कटर के बीच लेन-देन की बात चल रही थी, तभी पीछे से तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इस कार में दो युवक सवार थे। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक दोनों युवक नशे के हालत में थे। हादसे की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परंतु माइनिंग के ट्रक से वसूली का मामला होने पर पुलिस ने घायलों को अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए लेकर पहुंची लेकिन एफआइआर दर्ज नहीं की। हादसे का कारण ट्रक के इंडीगेटर बंद होना बताया जा रहा है।

### ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आनंद उत्सव के कार्यक्रम 14 से 28 जनवरी के मध्य होंगे

भिण्ड । कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ सतीष कुमार एस ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत को पत्र जारी कर शासन के दिशा निर्देशानुसार 14 जनवरी से 28 जनवरी 2022 के मध्य आनंद उत्सव 2022 के मनाये जाने के संबंध में निर्देष जारी किये है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ सतीष कुमार एस ने जिले के संपूर्ण आनंद उत्सव कार्यक्रमो के आयोजन के लिए संयुक्त कलेक्टर महेष कुमार बडोले को नोडल अधिकारी बनाया है। इसके साथ ही सहयोगी अधिकारी के रूप में राज्य आनंद संस्थान जिला भिण्ड के जिला संपर्क व्यक्ति एवं जिला खेल प्रशिक्षक खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संजय पंकज को बनाया गया है। उक्त निर्देशों के पर्यवेक्षण में विकास खण्ड स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए अपने अपने अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को समन्वय के रूप में नियुक्त किया गया है। आनंद उत्सव की मूलभावना प्रतिस्पर्दा नहीं बल्कि सहभागिता होगी।

### कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु कुछ कदम

भिण्ड । मास्क अनिवार्य रूप से पहनें कोरोना संक्रमण से बचने एवं प्रसार रोकने मास्क सबसे महत्वपूर्ण है। मास्क नहीं तो एंट्री नहीं, मास्क नहीं तो बात नहीं जैसे कदमों का उपयोग करें एवं अपने आस-पास भी मास्क पहनने जागरुकता लायें। सोशल डिस्टेंसिंग का सदैव पालन करें एवं ज्यादा भीड़-भाड़ वाली जगह जाने से बचें। हाथों को नियमित अंतराल पर धोते रहें या सेनेटाईजर का उपयोग करें। खुद भी पालन करें एवं दूसरों को भी प्रेरित करें। कोविड संक्रमण के संबंधी किसी प्रकार की जानकारी एवं कोरोना संक्रमण संबंध किसी प्रकार की मदद हेतु डिस्ट्रिक्ट कोविड हेल्पलाइन नम्बर पर कॉल कर जानकरी प्राप्त कर सकते हैं। 07534-1075, 07534-233311 टेलीमेडीसिन नम्बर 8349274001 डॉ. अवधेश सोनी 9893733695 है।

# चंबल मैराथन का पोस्टर हुआ रिलीज

**16 जनवरी को होगी रोमांचकारी दौड़, मध्य प्रदेश पर्यटन का उत्तरी दरवाजा बनेगा अटेर, होगी दिलचस्प रोमांचकारी मैराथन**



भिण्ड। अटेर स्थित चंबल के बीहड़ों में 16 जनवरी को होने वाली ऐतिहासिक मैराथन दौड़ अदभुत होगी। यह दौड़ प्रतियोगिता पूरी तरह से साहसिक और रोमांच चाहने वालों के लिए वरदान की तरह से होगी। चंबल मैराथन के दूसरे संस्करण के पोस्टर को रिलीज किया भिंड अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे तथा चंबल परिवार के पदाधिकारी शाह आलम, इटावा से आए रुदाक्ष मैन डॉ. रिपुदमन सिंह इस कार्यक्रम के संयोजक खेल प्रशिक्षक तथा प्रेरक राधेगोपाल यादव की उपस्थिति में हुआ। इस दौड़ में चंबल अंचल से जुड़े राज्य के एथलीट भाग लेंगे। इसमें राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के प्रमुख रूप से वह जिले शामिल होंगे जहां से होकर चंबल नदी गुजरती है। इस दौड़ का मूल उद्देश्य चंबल नेचुरल टूरिज्म को बढ़ावा देना, स्प्रिट चंबल तथा रन फॉर बेटर चंबल का उद्देश्य लेकर होगा। स्थानीय लोगों के साथ मिलकर चंबल परिवार चंबल की विशेषताओं को पूरे विश्व पटल पर ले जाएगा जिससे यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर पैदा होंगे और चंबल की खूबसूरती को देखने के लिए मध्यप्रदेश और भारत में ही नहीं पूरे विश्व स्तर पर नेचुरल टूरिज्म और ग्रामीण टूरिज्म को पसंद करने वाले टूरिस्ट चंबल की खूबसूरत वादियों की ओर आकर्षित होंगे। चंबल पर बन रहे मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले पुल से आगरा से सीधे पर्यटक अटेर तक आएंगे जो यहां से होते हुए भिंड गोरी सरोवर और रावतपुरा धाम आलमपुर की छतरी देखते हुए सीधे झांसी ओरछा के लिए निकल जाएंगे। इसके अलावा एडवेंचर से भरपूर प्राकृतिक वादियों के बीच यह अपने प्रकार का भारत का सबसे सुंदर साहसिक दौड़ के लिए ट्रैक होगा। भविष्य में क्रॉस कंट्री और मैराथन के लिए प्राकृतिक वातावरण युक्त सबसे युक्तियुक्त स्थान बन सकता है जहां रेत के सुंदर मनोरम हरी भरी घास के मैदान मिट्टी के दुर्गम रास्ते सरसों के खेत और ऐतिहासिक भदावरी किला सभी का समावेश लिए यह दौड़ अपने आप में अनोखी होगी।

# किसानों को तत्काल यूरिया उपलब्ध हो

भिण्ड। लहार अनुविभाग के किसानो ने यूरिया खाद की उपलब्धता को लेकर सोमवार को एस डी एम लहार से माँग की। किसानो की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट संजीव नायक ने एस डी एम लहार से यूरिया की उपलब्धता के बिषय में जानकारी ली। जिस पर मार्केटिंग सोसायटी के सम्बंधित प्रबंधक को कल सुबह से यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मौक़े पर अखलेश महते, योगेन्द्र सिंह, रूप सिंह ,मुकेश वघेल, प्रमोद हरदेनिया, भूरे महते नरेश पंडित, बच्चन खा, सुखबिर मदान सिंह, हरिओम शर्मा, लल्लू कुशवाह, रूप नारायण शर्मा, रामरतन सियाशरण, सोनू शर्मा, करू कुशवाह, दीपू कुशवाह, कमलेश रंजीत राठौर, रामवीर वघेल, बटली शर्मा, पान सिंह कुशवाह, नरेश वघेल, संतु साहब सिंह रामकिशुन भान सिंह आदि किसान मौजूद थे।



## बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति हितग्राहियों का निःशुल्क ई.डी.पी. प्रशिक्षण 12 जनवरी तक

भिण्ड । उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. (सेडमैप) भोपाल द्वारा आयोजित एवं राज्य कार्यालय खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग भोपाल द्वारा प्रायोजित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड एवं खादीग्रामोद्योग आयोग के माध्यम से बैकों द्वारा स्वीकृत ऋण प्रकरण के हितग्राहियों का 10 दिवसीय निःशुल्क उद्यमिता विकास प्रशिक्षण(ई.डी.पी.) कार्यक्रम का आयोजन 03 से 12 जनवरी 2022 तक किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षित बेरोजगार युवाओं एवं युवतियों को मनोवैज्ञानिक पद्धति से स्वयं के उद्योग व्यवसाय लगाने एवं उसका सफल संचालन करने हेतु तैयार करना है, साथ ही शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी एवं स्वयं के उद्योग आधार पंजीयन करने में सेडमैप द्वारा सहयोग प्रदाय किया जावेगा। हितग्राही स्वरोजगार स्थापना हेतु विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा जिले में पाये जाने वाले कच्चा माल, भौतिक संसाधनों, इकाई स्थापना प्रक्रिया, समस्याओं का समाधान, विपणन कौशल, गहन बाजार सर्वेक्षण, कार्यशील पूंजी एवं नगद प्रबंधन, वस्तु की लागत एवं मूल्य निर्धारित, सम्प्रेषण कला, व्यवसायिक समझौते का महत्व, जी.एस.टी. इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जावेगा, साथ ही लोकल फॉर बोकल अभियान की ओर अग्रसर होकर अपना उद्यम स्थापित कर सकते हैं। प्रशिक्षण पश्चात विभाग द्वारा प्रमाण-पत्र भी प्रदाय किया जावेगा। उक्त कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. (सेडमैप) भिण्ड के जिला समन्वयक अश्विनी शर्मा के मोबाइल नम्बर 7000299686 पर भी प्राप्त की जा सकती है।

## ओलावृष्टि से प्रभावित हुए किसानो ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा कराया है

**वे किसान 72 घण्टे के अन्दर बीमा कंपनी के टोल फ्री नम्बर 1800-233-7115 पर सूचित करें**

भिण्ड । उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास भिण्ड ने बताया कि भिण्ड जिले के विकास खण्ड लहार में 09 जनवरी 2022 को ओलावृष्टि से कई ग्राम प्रभावित हुये है। जिसके कारण रबी की फसलों को नुकसान हुआ है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास भिण्ड ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिन कृषकों के द्वारा अधिसूचित फसलों का बीमा कराया गया है। प्रभावित किसान 72 घण्टे के अंदर बीमा कंपनी के टोल फ्री नबंर-1800-233-7115 अथवा लिखित में अपने बैंक/ कृषि विभाग के अधिकारियों के माध्यम से बीमा कंपनी को सूचित करें तथा 07 दिवस में पूर्ण सूचना, निर्धारित प्रपत्र सह दावा प्रपत्र में बीमा कंपनी को भेजें।

# पुलिस पर दवाब बनाने के लिए भीड़ एकत्रित करने पर 19 लोगों पर मामला दर्ज

भिण्ड। थाना गोहद चौराहा अन्तर्गत कमल नागर व उसके सहयोगियों पर मामला दर्ज करने पर आरोपी व उसके समर्थको द्वारा पुलिस पर दवाब बनाने के लिए बिना अनुमति थाने में भीड़ एकत्रित करने वालो पर गोहद चौराहा पुलिस ने धारा 269, 270, 188, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी कमल नागर पुत्र जगदीश नागर निवासी ग्राम डाग सरकार, राम लक्ष्मण जाटव पुत्र रामस्वरूप जाटव निवासी ग्राम डाग सरकार, जसवन्त जाटव पुत्र रामस्वरूप जाटव निवासी ग्राम डांग सरकार, अम्रतलाल जाटव पुत्र हरकट जाटव निवासी ग्राम डांग सरकार, रुद्रप्रताप जाटव पुत्र राजेन्द्र सिंह जाटव निवासी ग्राम डांग सरकार, अभिषेक जाटव पुत्र सुरेन्द्र सिंह जाटव निवासी ग्राम डाग सरकार, बिपिन गर्ग पुत्र कमलेश गर्ग निवासी ग्राम डांग सरकार, रौनक पुत्र राकेश निवासी ग्राम डांग सरकार, गजराज जाटव पुत्र कृपाराम जाटव निवासी पिपाहडी, विशाल जाटव पुत्र मायाराम जाटव निवासी पिपाहडी, दीपक अर्गल पुत्र रामरतन अर्गल निवासी चक बरथरा गोहद, अनिल वंसत पुत्र भगवान सिंह जाटव निवासी बंधा बरथरा गोहद, उदयसिंह जाटव पुत्र रामप्रकाश जाटव निवासी माता का पुरा, छोटू जाटव पुत्र धनीराम जाटव निवासी गल्ला मण्डी के पीछे मेहगाँव, रामनिवास अर्गल पुत्र महेश् अर्गल निवासी चक बस्थरा गोहद, दीपक जाटव पुत्र अंतरसिंह जाटव निवासी घनश्याम पुरा गोहद, विकास जाटव पुत्र राजीव जाटव निवासी सुमेर कालौनी गोहद चौराहा, आकाश जाटव पुत्र चरनसिंह जाटव निवासी सुमेर कालोनी गो0 चौ0, संतोष निगम पत्र रमेश निगम निवासी दिरखडी गोहद चौराहा 08 जनवरी को थाना परिसर पर करीब 10-15 अन्य व्यक्ति सभी लोग एकत्रित होकर थाना पर धरना प्रदर्शन करने लगे उक्त लोगों को थाना प्रभारी व अन्य स्टाफ द्वारा काफी समझाया कि वर्तमान में कोविड महामारी का दौर चल रहा है इस कराण धरना प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं है। अगर आप लोगों के पास कोई धरना प्रदर्शनकों की अनुमति है तो बताये तो उक्त लोगों में किसी भी व्यक्ति द्वारा कोई अनुमति पेश नहीं की गई उक्त लोगों का धरना प्रदर्शन से कोविष्ठ महामारी फैलने की सम्भावना होने से एवं वर्तमान में कोरोना को महामारी घोषित किया गया है। उक्त लोगों द्वारा उपेक्षा पूर्ण आचरण कर अवैधानिक रूप से भीड़ इकट्ठी कर डीएम के आदेश का उलंघन किया गया है। जिस पर प्रकरण काम कर विवेचना में लिया गया है।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने मांगी पुरानी पेंशन हेतु मनोकामना



भिण्ड। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल के नेतृत्व में 7 नबम्वर अमरकंटक से प्रारंभ हुई मनोकामना यात्रा 09 जनवरी को चित्रकूट धाम पहुंची जहां कामतानाथ नाम की परिक्रमा कर उनसे समस्त शिक्षक वर्ग मध्यप्रदेश हेतु पुरानी पेंशन हेतु मनोकामना मांगी। यह मनोकामना यात्रा कोविड के नियमों का पालन करते हुए की गई। इस मनोकामना यात्रा तीर्थ दर्शन में प्रांत अध्यक्ष भरत पटेल के साथ प्रांत महासचिव गोविंद विशेन, प्रांत सचिव हरीश मिश्रा सहित जिले से जिला अध्यक्ष आनंद भदोरिया, कृष्णवीर कुशवाह, गगन भदोरिया, राजनारायण मिश्रा, जितेंद्र भदोरिया, आलोक शर्मा, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, कृष्णपाल गुर्जर, कुंवर सिंह परिहार, लाल सिंह, सतीश वोहरे आदि पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

# पुलिस पर दबाव बनाने को लेकर थाने का घेराव व नारेबाजी करने वालों के विरुद्ध

## चौराहा पुलिस ने की धारा 188 की कार्यवाही 19 लोगों पर मामला दर्ज

गोहद गोहद चौराहा थाने के बाहर भीम आर्मी का नेता बताने वाला कमल नागर अपने साथ दो दर्जन से अधिक अपने समाज के लोगों को एकत्रित कर चौराहा थाने के बाहर पुलिस को अभद्र भाषा में नारेबाजी कर अपने खिलाफ दर्ज अपराध से अपना नाम हटाने की मांग को लेकर नारेबाजी और धरना देने लगा था जिसे हटाने के लिए पुलिस को लगभग 10 घंटे भारी मशक्कत के बाद तीन थानों का पुलिस फोर्स एकत्रित करना पड़ा पुलिस ने काफी विचार और विमर्श के बाद आक्रोशित लोगों को यह कहते हुए शांत किया कि आप लोग अपना आवेदन दे दें जांच के बाद अगर रिपोर्ट में आपका नाम गलत है तो उसे हटा दिया जाएगा तब कहीं जाकर यह लोग शांत हुए हालांकि बीच में पुलिस को थोड़ा हल्का बल का उपयोग भी करना पड़ा आक्रोशित भीड़ को खदेड़ना पड़ा कमल नागर को थाने में बंद करना पड़ा फिर बाद में देर शाम उसे छोड़ दिया गया लेकिन पुलिस के खिलाफ इस तरह का धरना पुलिस के लिए नागवार गुजरा दूसरे दिन 19 लोगों के विरुद्ध कोविड-19 के तहत कलेक्टर भिंड के आदेश की अवहेलना करने के आरोप में 19 लोगों पर अपराध दर्ज किया है धारा 188 का पुलिस के आला अफसरों का कहना है कि हमने यह अपराध फोटो और वीडियो में के बाद किया है शेष 15 लोगों की पहचान अभी नहीं हो सकी है जिनकी पहचान का कार्य संचालित है लेकिन इन लोगों के विरुद्ध इतनी हल्की कार्यवाही किसके इशारे पर की गई है यह आज भी चर्चा का विषय बनी हुई है इन लोगों द्वारा लगातार जो अपराध किए जा रहे हैं उसके खिलाफ पुलिस मामूली कार्यवाही कर मामले को शांत करने का प्रयास कर रही है और अपराधियों का मनोबल बढ़ा रही है ऐसी चर्चा आम जनमानस में है पुलिस के अनुसार आरोपी कमल नागर पुत्र जगदीश नागर निवासी ग्राम डाग सरकार, राम लक्ष्मण जाटव पुत्र रामस्वरूप जाटव निवासी ग्राम डाग सरकार, जसवन्त जाटव पुत्र रामस्वरूप जाटव निवासी ग्राम डांग सरकार, अम्रतलाल जाटव पुत्र हरकट जाटव निवासी ग्राम डांग सरकार, रुद्रप्रताप जाटव पुत्र राजेन्द्र सिंह जाटव निवासी ग्राम डांग सरकार, अभिषेक जाटव पुत्र सुरेन्द्र सिंह जाटव निवासी ग्राम डाग सरकार, बिपिन गर्ग पुत्र कमलेश गर्ग निवासी ग्राम डांग सरकार, रौनक पुत्र राकेश निवासी ग्राम डांग सरकार, गजराज जाटव पुत्र कृपाराम जाटव निवासी पिपाहडी, विशाल जाटव पुत्र मायाराम जाटव निवासी पिपाहडी, दीपक अर्गल पुत्र रामरतन अर्गल निवासी चक बरथरा गोहद, अनिल वंसत पुत्र भगवान सिंह जाटव निवासी बंधा बरथरा गोहद, उदयसिंह जाटव पुत्र रामप्रकाश जाटव निवासी माता का पुरा, छोटू जाटव पुत्र धनीराम जाटव निवासी गल्ला मण्डी के पीछे मेहगाँव, रामनिवास अर्गल पुत्र महेश् अर्गल निवासी चक बस्थरा गोहद, दीपक जाटव पुत्र अंतरसिंह जाटव निवासी घनश्याम पुरा गोहद, विकास जाटव पुत्र राजीव जाटव निवासी सुमेर कालौनी गोहद चौराहा, आकाश जाटव पुत्र चरनसिंह जाटव निवासी सुमेर कालोनी गो0 चौ0, संतोष निगम पत्र रमेश निगम निवासी दिरखडी गोहद चौराहा दिनांक 08.01.22 को थाना परितर पर करीब 10 15 अन्य व्यक्ति सभी लोग एकत्रित होकर थाना पर धरना प्रदर्शन करने लगे उक्त लोगों को थाना प्रभारी व अन्य स्टाफ द्वारा काफी समझाया कि वर्तमान में कोविड महामारी का दौर चल रहा है इस कराण धरना प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं है। अगर आप लोगों के पास कोई धरना प्रदर्शनकों की अनुमति है तो बताये तो उक्त लोगों में किसी भी व्यक्ति द्वारा कोई अनुमति पेश नहीं की गई उक्त लोगों का धरना प्रदर्शन से कोविड-19 महामारी फैलने की सम्भावना होने से एवं वर्तमान में कोरोना को महामारी घोषित किया गया है। उक्त लोगों द्वारा उपेक्षा पूर्ण आचरण कर अवैधानिक रूप से भीड़ इकट्ठी कर डीएम के आदेश का उलंघन किया गया है। जिस पर प्रकरण काम कर विवेचना में लिया गया है

## लहार एस.डी.एम आर.ए प्रजापति ने डोज लगबाकर किया बूस्टर डोज का शुभारम्भ

### दूसरे डोज के 9 महीने बाद लगाया जाएगा बूस्टर डोज

**लहार( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

सोमवार को सिविल अस्पताल लहार में एस.डी.एम लहार आर.ए प्रजापति ने खुद को डोज लगबाकर बूस्टर डोज का सुभारम्भ किया इस मौके पर ब्लॉक म`डिकल ऑफिसर शैलेन्द्र पाण्डेय,डॉ विजय शर्मा,डॉ देवेंद्र शर्मा ने भी बूस्टर डोज लगबाया इस मौके पर एस.डी.एम महोदय ने जानकारी देते हुए बताया कि ये डोज



सर्वप्रथम फ्रंट लाइन बर्कर एवम मेडिकल टीम को लगाया जाएगा उसके बाद 60 बर्ष से ऊपर के ऐसे लोग जिनको कोरोना बैक्सीन का दूसरा डोज लगे 9 माह या उससे ज्यादा हो चुका हो अभी हाल में उन्ही लोगो को प्रकोशन डोज( बूस्टर डोज )लगाया जायेगा इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोरोना काल की तीसरी लहर की असंका को देखते हुए मास्क एवम सेनेटाइजर का प्रयोग करें हो सके तो भीड़ भरी जगह में न जाएं सोशल डिस्टेंस का पालन करें खुद भी सुरक्षित रहे और दूसरों को भी सुरक्षित रहने में सरकार की मदद करे।

## वन-टू-वन

### किसानो को तत्काल यूरिया उपलब्ध हो-संजीव नायक

**लहार( अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे)**

सामाजिक कार्यकर्ता व एडवोकेट संजीव नायक ने लहार अनुविभाग के किसानों के लिए यूरिया खाद



की उपलब्धता को लेकर एस डी एम लहार से माँग की है।किसानो की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट संजीव नायक ने एस डी एम लहार से यूरिया की उपलब्धता के बिषय में जानकारी ली जिस पर मार्केटिंग सोसायटी के सम्बंधित प्रबंधक को मंगलवार सुबह से यूरिया की उपलब्धता सुनिस्चित करने के निर्देश दिए गए।इस दौरान मौक़े पर अखलेश महते,योगेन्द्र सिंह,रूप सिंह,मुकेश वघेल,प्रमोद हरदेनिया,भूरे महते,नरेश पंडित,बच्चन खा,सुखबिर,मदान सिंह,हरिओम शर्मा,लल्लू कुशवाह,रूप नारायण शर्मा,रामरतन,सियाशरण,सोनू शर्मा,करू कुशवाह,दीपू कुशवाह,कमलेश,रंजीत राठौर,रामवीर वघेल,बटली शर्मा,पान सिंह कुशवाह,नरेश वघेल,संतु साहब सिंह,रामकिशुन,भान सिंह आदि किसान मौजूद थे।

### ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों की हर संभव मदद करने की




### अपेक्षा की शिवपुरी जिले में बीती रात्रि को हुई ओलावृष्टि के बाद कई गांव में ओलावृष्टि के कारण फसलों का नुकसान हुआ

### इसी बीच तहसील खनियाधाना के कई ग्रामों में ओलावृष्टि से प्रभावित हुए इसी के चलते सोमवार को

श्री अमित पड़रिया शंकर भैया ने किसानों के खेत पर जाकर देखा हाल मैं फसल का अत्याधिक नुकसान हुआ है और शंकर भैया ने आश्वासन दिया कि आपको हर संभव मदद करेंगे और उन्होंने कहां की जो ओलावृष्टि के सर्वे निर्देश दिए गए हैं वह जल्द से जल्द सर्वे होगा जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई किसानों को मिलनी चाहिए आज शंकर भैया ने दौरा किया ग्राम पहाड़ा खुर्द मैनबाड़ा बूढ़ाखेड़ा यदि गांव का खनियाधाना से हरिओम परिहार की रिपोट

### सप्ताहांत लॉकडाउन में किया 14वी बार प्लेटलेट्स दान

**मैसूरू-** शहर में डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। कोरोना सप्ताहांत लॉकडाउन के दौरान ब्लड ऑन कॉल



क्लब मैसूरू के सदस्य देवेंद्र परिहारिया ने डेंगू पीड़ित 13 वर्षीय निश्चल के लिए 14 बार सेंट जोसेफ हॉस्पिटल ब्लड बैंक में (एस.डी.पी.) सिंगल डोनर प्लेटलेट्स दान किया, जो कि सुयोग अस्पताल में भर्ती है। ब्लड ऑन कॉल क्लब के सदस्य आनंद मांडोत ने बताया कि इस प्रक्रिया के लिए रक्तदाता के रक्त की संपूर्ण जांच होती है, उसके पश्चात 2 घंटे की प्रक्रिया के बाद मरीज को प्लेटलेट चढ़ाया जाता है। डेंगू बीमारी के दौरान मरीज के रक्त में प्लेटलेट्स काउंट तेजी से कम होते जाते हैं, जिससे मरीज के रक्त में थक्के बनने बंद हो जाते हैं, और खून बहने लगता है। उस समय रक्त को रोकने के लिए जल्द से जल्द प्लेटलेट्स चढ़ाना अति आवश्यक हो जाता है, सिंगल डोनर प्लेटलेट्स की प्रक्रिया से मरीज के प्लेटलेट काउंट तेजी से बढ़ने लगते हैं।

## प्रकरण निराकरण में नायब तसीलदार दुबे को मिला प्रदेश में तीसरा स्थान

**महेंद्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग पुष्पांजली टुडे**

**गोहद ।** नायब तसीलदार अमित दुबे ने न्यायालय प्रकरणों का निराकरण करते हुए प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल करते हुए जिले का नाम प्रदेशभर में गौरवान्वित किया है। यहाँ बता दें कि नायब तहसीलदार अमित दुबे गोहद् के न्यायालय एंडोरी में पदस्थ हैं । उन्होंने एक महीने में 610 न्यायालय प्रकरणों का समय पर निराकरण करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया है । वहीं तहसीलदार दुबे का कहना है कि इस उपलब्धी के बाद मेरी देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी और अधिक बढ़ गई है । नायब तहसीलदार अमित दुबे की इस उपलब्धी पर गोहद क्षेत्र के स्थानीय प्रशासन ने खुशी जाहिर की है। वहीं राजनैतिक एवं समाजसेवक



कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में स्वदेशी जागरण मंच प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र शर्मा, भाजपा मौ मंडल महामंत्री राजू मिश्रा, पूर्व मंडी अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मर्जाद सिंह यादव नगर परिषद उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव , पूर्व पार्षद वीरेंद्र सिंह यादव एवं गोहद से भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा, भाजपा गोहद मंडल उपाध्यक्ष माधवेंद्र शर्मा, डॉ उपेंद्र शर्मा, जीतू शर्मा आदि लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं, परमात्मा से इसी तरह तरक्की के लिए शक्ति की प्राथना करते हैं।

## भाजपा युवा मोर्चा दिल्ली में प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रमुख बने भिंड के पंकज दीक्षित



**संतोष सिंह भदौरिया**
**पुष्पांजलि टुडे न्यूज़**

भिंड जिले अटेर विधान सभा ग्राम दीखतन का पुरा (पावई) मे किसान परिवार में जन्म हुआ पंकज दीक्षित हाई स्कूल शिक्षा पावई से करके गए दिल्ली और उन्होंने अपनी बाहरवी की शिक्षा दिल्ली से उसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय दाखिला ले कर और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संपर्क में आए और छात्र नेता बनकर उन्होंने छात्रों की आवाज उठाई और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का जिला सयोजक बनाया गया उसके बाद पंकज दीक्षित ने पीछे मुड़कर नही देखा भाजपा युवा मैं आ कर उनको जिले मंत्री और उपाध्यक्ष जैसे अहम भूमिका निभाने के लिए गई थी उनकी कार्यशैली को देख कर भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता जी और प्रदेश संगठन महामंत्री आदरणीय सिद्धार्थ जी भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वासु रूखड जी पंकज दीक्षित को प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रमुख नई जिम्मेदारी सौंपी गई पंकज ने ये सब अपने पूज्य दादा जी स्वर्गीय श्री अतिराज दीक्षित के आशीर्वाद से आज यहाँ तक पहुंचा ग्राम वासियों एक खुशी का माहोल बना हुआ पंकज ने राष्ट्रीय नेतृत्व प्रदेश नेतृत्व का बहुत-बहुत धन्यवाद आभार व्यक्त किया द्य

## मध्य प्रदेश स्वर्णकार समाज कल्याण समिति द्वारा जारी रथयात्रा खतौरा में पहुचने ।पर आलौकिक स्वागत हुआ!

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**संजीव शर्मा खतौरा**

*ग्राम खतौरा में पूरे कस्बे को दुल्हन की तरह सजा कर रथ यात्रा का भव्य अभूत पूर्व स्वागत समाज के सजातीय भाइयो रामकृष्ण सोनी ,गोविंद सोनी ,मोहन सोनी ,संतोष सोनी ,संजीव सोनी, खैरू सोनी ,सपनेश सोनी, सौरभ सोनी, अमन सोनी, मोहित सोनी ,प्रदीप सोनी अकाझिरी व रन्नोद लुकवासा के समस्त स्वर्णकार समाज के और ग्राम बाशियो द्वारा किया गया*

*खतोरा में यात्रा के आने पर बहुत तैयारी की गई थी* *रथ यात्रा का आगमन रात को बहुत इंतजार करने के बाद हुआ* *जिसमें रथयात्रा आने पर अभूतपूर्व स्वागत हुआ जिसमें हमारे माननीय प्रदेश अध्यक्ष राजेश बर्मा सोनी जी एवं संयोजक देवदत्त सोनी जी प्रदेश महामंत्री सुरेश सोनी जी (प्रदेश उपाध्यक्ष )ग्वालियर संभाग प्रभारी वृंदावन प्रसाद सोनी का बहुत ही गर्मजोशी से स्वागत किया गया* *यात्रा में आये हुए प्रदेश के पदाधिकारियों ने बहुत सार्वगर्वित ओजस्बी उद्बोधन हुआ उद्बोधन में 8 सूत्री मांगों को लेकर शिवपुरी में माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन देने की तैयारी हुई* *लेकिन कोरोनावायरस आ जाने के कारण यात्रा शिवपुरी में ही स्थगित की गई है*




*यात्रा दोबारा शिवपुरी से ही रथ बनाकर प्राम्भ होगी*

*ग्वालियर चंबल एवं भोपाल संभाग जो जिले रह गए हैं उनमें दोबारा बहुत ताकत के साथ जिलों में भ्रमण कर तथा बांकी अपने अपने जिलो में ज्ञापन देंते *हुए अगली तारीख में* *भोपाल में भारी स्वजातीय समाज बंधुओं के साथ*

*माननीय मुख्यमंत्री जी को* *ज्ञापन सौंप कर इस यात्रा का समापन होगा*

*में हमारे पधारे हुए माननीय प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी जी* *संयोजक देवदत्त सोनी जी प्रदेश महामंत्री सुरेश सोनी जी प्रदेश महामंत्री* *ओपी सोनी जी ग्वालियर संभाग प्रभारी वृंदावन सोनी यात्रा में प्रदेश कमेटी से पधारे डॉक्टर सरोज सोनी जी लल्लन सोनी जी भोपाल से पधारे पंकज सोनी जी बैरसिया से मुकेश जी सोनी*

*एवं स्वर्णकार कल्याण समिति के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे इनमें सभी अतिथियों का साल श्रीफल फूलमाला भेंटकर बहुत ही आत्मीय स्वागत किया गया उपस्थित सभी प्रदेश पदाधिकारियो को रात्रि भोजन कराकर यात्रा कोआगे शिवपुरी के लिए रवाना की गई !

## राज्यपाल के नाम किसान कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

### किसानों की माँग जल्द पूरी न होने पर किसान कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र सिंह ने प्रशासन को दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

**भिण्ड।**जिला किसान कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदौरिया ने आज जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।किसान कांग्रेस ने अपने ज्ञापन में किसानों की बाजरा और धान की खरीदी में काफी बिलंब हो रहा है और न किसानों को मैसेज प्राप्त हो रहे हैं और न खरीदी केंद्र पर फसल खरीदी जा रही है।

2-जिला प्रशासन से मांग है कि तुरंत खरीदी केंद्र समर्थन मूल्य 2250 पर बाजरा की खरीदी हो जिससे किसानों को बाजार में 1200 और 1000 में व्यापारियों के द्वारा खरीदी करने पर किसानों को नुकसान न उठाना पड़े।

3-खरीदी गई किसानों की बाजरा फसल का पैसा अभी तक नहीं मिल रहा है।उसे जारी किया जाए एवं बाजरा की फसल अमानक बता कर वापिस यह न्यायसंगत न ही इसे तुरंत रोका जाए।

4-किसानों को सिंचाई हेतु सर्दी के मौसम को ध्यान रखते हुए सुबह 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक बिजली उपलब्ध कराई जाए।

5-किसानों को आज भी खाद मंहगे दामों में खरीदना पड़ रहा है।खाद की ब्लैक मेलिंग पर अंकुश लगाया जाए।

6-ग्रामीण लोगों में पीने के पानी के लिए खराब पड़े हेण्डपम्पों को सुधारा जाए।

7-पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के समय बनी



गोशालाओं पर दबंगों के द्वारा कब्जा किया जा रहा है।वो अतिक्रमण किये गए और गोवंश आवारा घूमने को मजबूर हैं।जिससे किसानों की फसलों का नुकसान हो रहा है।

8-गोशालाओं हेतु गोवंश पशुओं के लिए भोजन हेतु भूसा उपलब्ध कराया जाए व पंचायत सचिवों पटवारियों को गोवंश गोशालाओं में रखने के लिए सख्त निर्देश दिये जाए ताकि किसानों गोवंश द्वारा फसलों का नुकसान न हो।

9-डीजल खाद बीज एवं बिजली पर बड़ी हुई मंहगाई को कम किया जाए।

10-प्रारकृतिक आपदा औलावृष्टि में हुए नुकसान का किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।

जिले का काफी परेशान हो रहा है।किसान कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र सिंह भदौरिया ने शासन प्रशासन से किसानों की समस्याओं को शीघ्र निराकरण करने की मांग की है।अगर मांग शीघ्र पूरी नहीं हुई तो किसान कांग्रेस कमेटी और बड़ा आंदोलन करेगी। ज्ञापन देने वालों में जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा, खिजर मोहम्मद कुरैशी, डॉ राधेश्याम शर्मा, सुरेश सिंह सिकरवार, संदीप मिश्रा, रामहर्ष सिंह कुशवाह, संतोष त्रिपाठी, हरनारायण शर्मा, ममता मिश्रा, अमरेंद्र सिंह, राजमणि शर्मा, जीवाराम जाटव, रेखा भदौरिया, चन्द्रभान सिंह, नीलम भदौरिया, नारायण सिंह, ब्रजेंद्र सिंह कल्लू भरौली, धर्मेंद्र सिंह भदौरिया, भानुप्रताप तोमर, रॉकी तोमर नीलम कुशवाह, नागेन्द्र सिंह, बलराम सिंह, राजेंद्र चौहान आदि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## पूर्व विधायक श्री महेंद्र सिंह यादव ट्रैक्टर पर सवार होकर पहुंचे अपनों के बीच जाना हालचाल।

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**संजीव शर्मा खतौरा**

**कोलारस** - हम बात कर रहे हैं कोलारस विधानसभा के पूर्व विधायकङ्कमहेंद्रङ्कसिंहङ्कयादव की जो कि दिन हो या रात हर मुसीबत में वह अपने परिवारजनों के साथ खड़े नजर आते हैं। इसी क्रम में आज ग्राम धनधेरा में आसमान से गिरी आफत ओलावृष्टि के कारण विधानसभा के कई गावों की फसल चौपाट हो चुकी है। जिसके चलते धनधेरा गांव के किसानों की फसलों को देखने विधायक किसानों के साथ ट्रैक्टर पर सवार होकर खेतों में हुए नुक़सान का मुआयना किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि पीड़ित किसानों की



सरकार हर संभव मदद करेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ओलावृष्टि के सर्वे के त्वरितङ्कनिर्देश दिए गए हैं जल्द ही सर्वे होगा और ओलावृष्टि से जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई किसानों को राहतङ्कराशि के रूप में दी जाएगी। इस मौके पर पूर्व विधायक के साथ धधेरा सरपंच रघुराज धाकड़, दुर्जन सिंह यादव वरिष्ठ कार्यकर्ता गण एवं सम्मानीय किसानभाई उपस्थित थे।

